

पेज -4 पर

निकरा परियोजना के प्रभाव से फिर से शुरू हुई गाँव में टमाटर की खेती

नई सोच, नया आयाम

# जोहार छत्तीसगढ़

RNI No. CHHHIN/2009/35020

दैनिक हिन्दी

◆ वर्ष: -16 ◆ अंक: 110 डाक पंजीयन 030/रायगढ़/2015-2017 ◆ मूल्य: 3 ₹ ◆ पृष्ठ : 8

धरमजयगढ़, गुरुवार 22 फरवरी 2024



पेज -8 पर

प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला डुगरूपारा में न्यौता भोजन का आयोजन

JOHAR CHHATTISGARH epaper for login www.joharchhattisgarh.in


# छाल एसईसीएल उड़ा रही पुर्नावास नीति की धज्जियां

सुरेश यादव चेहरा देखकर बांट रहे हितग्राहियों को पुर्नावास नीति का मुआवजा

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।

**शासन के नियम विरूद्ध छाल एसईसीएल में पुर्नावास नीति का मुआवजा वितरण किया जा रहा है, एसईसीएल में पदस्थ भू-राजस्व विभाग के अधिकारी सुरेश कुमार यादव द्वारा पुर्नावास नीति की धज्जियां उड़ाई जा रही है।**




शासन के नियमानुसार 1 जनवारी 2014 को जिसकी उम्र 18 साल पूरा किया हो एवं 60 साल से कम हो उनको पुर्नावास नीति के तहत 3 लाख 80 हजार 4 सौ रूपये दिया जाना है। लेकिन छाल एसईसीएल में इस नियम का खुलकर धज्जियां उड़ाई जा रही है। एसईसीएल में पदस्थ अधिकारी सुरेश कुमार यादव द्वारा पुर्नावास नीति के हितग्राहियों के चेहरा देख-देख कर लाभ दिया जा रहा है। पुर्नावास नीति का लाभ लेने के लिए हितग्राहियों को अपना मकान से पहले बेदखल होना होता है उसके बाद ही पुर्नावास नीति का लाभ ले सकते हैं लेकिन छाल एसईसीएल में इन नियम को दरकिनार करते हुए पुर्नावास नीति का मुआवजा वितरण किया जा रहा है। बताया जाता है कि भू-राजस्व अधिकारी सुरेश कुमार यादव अपने आप को पॉवर फूल अधिकारी बताते हैं। ऐसे अधिकारी होने के कारण आज गरीब तपके के लोगों को पुर्नावास नीति का सही तरीके से लाभ नहीं मिल रहा है। सुरेश कुमार यादव कुछ हितग्राहियों को बिना मकान से बेदखली कर पुर्नावास नीति का मुआवजा वितरण कर दिया है।

*खेदापाली के निवासियों ने बताया कि जब हम लोग अपने पुर्नावास नीति का मुआवजा की मांग करते हैं तो एसईसीएल के अधिकारी सुरेश यादव यह कहते हुए भागा देते हैं कि जाओ पहले अपना मकान तोड़कर वीडियो बना कर लेकर आओ तब तुम लोगों को पुर्नावास नीति का मुआवजा मिलेगा नहीं तो नहीं मिलेगा। लेकिन सुरेश यादव ने कई ग्रामीणों को बिना मकान तोड़े ही पुर्नावास नीति का मुआवजा दे दिये हैं। अब सवाल उठता है कि गरीबों के साथ खिलवाड़ करने वाले ऐसे अधिकारियों पर क्या जांचकर दोषी पाये जाने पर कार्यवाही होगी? यहा तो समय ही बतायेगा कि जांच होता है या नहीं।*

## क्या कहते हैं भू-राजस्व अधिकारी सुरेश कुमार यादव

*जब इस संबंध में भू-राजस्व अधिकारी सुरेश कुमार यादव से बात की गई तो पहले उन्होंने घूमाते हुए बताया कि पुर्नावास नीति के नियम के तहत ही मुआवजा का वितरण किया जा रहा है, अगर किसी को नियम विरूद्ध मुआवजा दिया गया हो तो आप ही नाम बता दीजिए। जब हमारे द्वारा पुर्नावास नियम के विरूद्ध सुरेश कुमार यादव द्वारा वितरण किया गया मुआवजा हितग्राही का नाम बताया गया तो नाम सुनते ही पहले तो चुप हो गया उसके बात बोलने लगा कि एक परिवार के तीन लोगों को दिया गया है, अब हम उनका घर तोड़वा देंगे।*

अमित शाह के प्रदेश दौरे पर बोले सीएम साय

# लोकसभा चुनाव नजदीक है, इस वजह आ रहे केंद्रीय गृह मंत्री

**रायपुर। इसी साल यानी 2024 में देश में लोकसभा का चुनाव होने वाला है. इसको लेकर केंद्रीय मंत्रियों का लगातार प्रदेश दौरा जारी है. इस बीच मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज मीडिया से चर्चा करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के गुरुवार को छत्तीसगढ़ दौरे को लेकर कहा कि लोकसभा का चुनाव नजदीक है,**



इस वजह से हमारे सभी वरिष्ठों का आगमन होगा. बता दें कि सीएम विष्णुदेव साय का आज जन्मदिन है. प्रधानमंत्री मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री सहित कई लोगों की ओर से सीएम विष्णुदेव साय को जन्मदिन की बधाई देने पर उन्होंने कहा कि आप सभी लोगों का धन्यवाद, आज मेरा सौभाग्य है कि सभी बड़ों का आशीर्वाद मिल रहा है. प्रधानमंत्री ने फोन कर आशीर्वाद दिया है, उपराष्ट्रपति और गृह मंत्री ने भी जन्मदिन की बधाई दी है. सभी का आशीर्वाद मिल रहा है, उनके आशीर्वाद से हमें ताकत मिलेगी और जो लक्ष्य अपना है उसको प्राप्त करने में हमारा मनोबल बढ़ेगा. वहीं जन्मदिन के मौके पर सीएम साय आज जशपुर में न्योता भोज करेंगे. इसको लेकर उन्होंने कहा कि हमारे गांव में एक आश्रम शाला है, जिसमें पहली से लेकर पांचवीं तक के आदिवासी बच्चे रहते हैं और पढ़ते हैं. आज उनके साथ स्नेह भोज का कार्यक्रम है.

इसके अलावा मुख्यमंत्री साय ने राज्य अतिथि गृह पहुना में आज सुबह भगवान जगन्नाथ और बलभद्र जी के रथ के पहिये का विधि-विधान से पूजा-अर्चना की. CM ने इस दौरान भगवान जगन्नाथ से प्रदेशवासियों की खुशहाली और समृद्धि की कामना की. नंदीघोष रथ में भगवान जगन्नाथ और बलभद्र के रथ का पहिया रखा गया है, जिसका रायपुर शहर के विभिन्न वार्डों में भम्रण कराया जा रहा है.

## एक नजर

### सीएम साय को पीएम मोदी और गृहमंत्री शाह ने जन्मदिन की दी बधाई



**रायपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह ने सीएम साय को जन्मदिन की बधाई दी है. पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर पोस्ट कर लिखा, छत्तीसगढ़ के ओजस्वी मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं. आगे पीएम मोदी ने लिखा, वे छत्तीसगढ़ की जनता की आकांक्षाओं को पूरा करने में उत्कृष्ट कार्य कर रहे हैं. गरीबों और वंचित समुदायों के प्रति उनकी चिंता भी उल्लेखनीय है. मैं उनके लंबे और स्वस्थ जीवन के लिए प्रार्थना करता हूं. वहीं गृहमंत्री अमित शाह ने सीएम साय को जन्मदिन की बधाई देते हुए पोस्ट लिखते हुए कहा, मुझे विश्वास है कि आपके नेतृत्व में भाजपा की डबल इंजन की सरकार छग में ग़रीब कल्याण और सुशासन के नए कीर्तिमान बनाएगी. प्रभु श्री राम से आपके उत्तम स्वास्थ्य और दीर्घायु की कामना करता हूं.

# महापौर ने पेश किया 1901 करोड़ का बजट

**रायपुर। रायपुर नगर निगम का बजट पेश हो गया है। महापौर एजाज ढेबर ने वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए कुल 1901 करोड़ का बजट पेश किया। यह 57 लाख रुपये फायदे का बजट है।**



बजट में जोन से मिली आय का 25 प्रतिशत राशि जोन में पार्षदों की अनुशंसा पर ही खर्च किया जाएगा।लाइट मेट्रो के लिए 1200 करोड़ का प्रस्ताव तैयार किया जाएगा। रायपुर में 10 वेडिंग जोन बनेंगे। सात करोड़ की लागत से क्लीन कोरिडोर बनेंगे।

## बजट पेश करने से पहले महापौर ने काली मंदिर में की पूजा-अर्चना

इधर, रायपुर नगर निगम का बजट पेश करने से पहले महापौर एजाज ढेबर काली मंदिर पहुंचे। यहां महापौर ढेबर ने काली मंदिर में मत्था टेका और पूजा-अर्चना की। इसके बाद नगर निगम पहुंचने पर महिला पार्षद ने महापौर ढेबर को तिलक लगाया। रायपुर नगर निगम का 2024-25 का बजट बुधवार को पेश किया जाएगा।

बजट पेश होने से पहले सामान्य सभा की बैठक हुई। सामान्य सभा में शताब्दी नगर के सामुदायिक भवन को लग्जीरियस बनाने का मुद्दा गरमाया। जोन 10 में पूर्व मंत्री शिव डहरिया की पत्नी से संबंधित एनजीओ को संचालन का जिम्मा दिया गया।

इस संबंध में ज्ञानेश शर्मा ने जवाब देते हुए कहा, मामले की जांच कर अगली सामान्य सभा में रिपोर्ट पेश करने का दावा किया गया। पूरे मामले की जांच करने के लिए कमेटी का गठन किया गया है। कमेटी को 15 दिन में जांच कर रिपोर्ट पेश करने के निर्देश दिए गए हैं। बतादें कि सामुदायिक भवन में 7 से ज्यादा एलईडी टीवी, डाइनिंग टेबल, फ्रिज, एसी सहित कई सामग्रियां करोड़ों रुपये खर्च कर खरीदी गई।

इसमें युवाओं को प्रशिक्षित करने के साथ ही रोजगार देने से लेकर लोगों के मनोरंजन के लिए विशेष प्रविधान किया गया है। इस बजट में इंदिरा उद्यान में पिकनिक पाइंट का प्रविधान रखा गया है। वहीं, शहर की खुली नालियां इस बार बजट में इन्हें ढकने का प्रस्ताव भी शामिल है। महापौर युवाओं के लिए खास स्टार्टअप स्टूडियो भी लेकर आने वाले हैं।

NSG के ब्लैक कैट कमांडो मंत्रालय में घुसे

# रायपुर को आतंकियों से बचाने का मिशन; मशीन गन लेकर चलाया सर्च ऑपरेशन

**रायपुर। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर को आतंकियों के हमले से बचाने का मिशन चलाया गया। मशीन गन, बम स्क्वॉयड, डॉग टीम के साथ कमांडो मंत्रालय में घुसे।**



ये कोई साधारण कमांडो नहीं नेशनल सिक्योरिटी गार्ड के ब्लैक कैट कमांडो थे। दरअसर रायपुर में किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए एनएसजी ने बुधवार को मॉकड्रिल की।

सबसे पहले नवा रायपुर के न्यू सर्किट हाउस में कमांडोज पहुंचे। यहां मंत्रियों और प्रदेश सरकार के अधिकारियों का आना-जाना होता है। एनएसजी की टीम ने इस पूरी बिल्डिंग को अपने कब्जे में लिया हर माले पर जाकर चेकिंग की गई।

## मंत्रालय में ब्लैक कैट

इसके बाद जांबाज कमांडोज की टुकड़ी मंत्रालय परिसर में पहुंची। यहां भी मंत्रालय बिल्डिंग के मुख्य हिस्सों की जांच की। टीम ने ये देखा कि यदि कुछ लोगों को बंधक बना लिया जाए तो टीम इस बिल्डिंग में कैसे ऑपरेट करेगी। फायरिंग की दशा में क्या हालात बन सकते हैं। इन सभी परिस्थितियों को ध्यान में रखकर कमांडोज ने इन हिस्सों में ट्रेनिंग की। मॉकड्रिल युद्ध के हालत की प्रैक्टिस

NSG के कमांडोज जब इस तरह की मॉकड्रिल करते हैं तो युद्ध जैसे हालातों को ध्यान में रखकर प्रैक्टिस करते हैं। कमांडोज को काल्पनिक सिचुएशन दी जाती है। जैसे मंत्रालय के चौथे माले के 15वें कमरे में आतंकियों ने 20 लोगों को बंधक बनाया है उन्हें लेकर सुरक्षित लौटना है। कमांडोज को इसके लिए तय समय सीमा में बिल्डिंग में सीढ़ियों के रास्ते या रस्सियों के सहारे पहुंचकर एक्शन करना होता है। सिक्योरिटी में आने वाले मुश्किलों को रिव्यू किया जाता है। खबर है कि रायपुर में कुछ भीड़-भाड़ के हिस्सों में भी कमांडोज प्रैक्टिस करेंगे।



# विधानसभा में पारित हुआ राजिम माघी पुन्नी मेला संशोधन विधेयक

अब जाना जाएगा राजिम कुंभ कल्प के नाम से...

**रायपुर।** सदन में राजिम माघी पुन्नी मेला संशोधन विधेयक पर चर्चा जारी हैं। इसे लेकर पक्ष-विपक्ष के बीच जमकर हंगामा मचा हुआ हैं। चर्चा के दौरान कोटा विधायक और बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ल के बीच जमकर बहस भी हुई। इस विधेयक पर मंत्री बृजमोहन अग्रवाल का जवाब सामने आया हैं। उन्होंने बताया कि राजिम में कुंभ का स्वरूप मिलने के बाद लाखों लोग आने लगेंगे। पूरे प्रदेश में 5 हजार स्थानों पर माघी पुन्नी मेला होता है जबकि कुंभ देश में सिर्फ चार स्थानों पर होता है। हमने छत्तीसगढ़ की संस्कृति को आगे बढ़ाने कुंभ का नाम दिया हैं। वेद पुराणों में महानदी को चित्रोत्पला कहा गया है। राजिम का धार्मिक महत्व है, यहां लोग अस्थि विसर्जन करते हैं। हम इस विधेयक के माध्यम से प्रदेश की संस्कृति को बढ़ा रहे हैं और यही वजह हैं कि माघी पुन्नी मेले के स्थान पर कुंभ कल्प मेला नाम दिया जा रहा है।




चर्चा के बीच विपक्षी सदस्यों ने नाम बदलने का विरोध किया। अटल श्रीवास्तव ने कहा-हमारी संस्कृति को मिटाने की कोशिश की जा रही हैं। इस पर अजय चंद्राकर ने कहा, सिर्फ नाम में ही संशोधन हो रहा है, लेकिन इसी से राजिम का गौरव जुड़ा है। इस तरह सदन में विधेयक पर चर्चा के दौरान दोनों पक्षों में तीखी बहस देखने को मिली। अटल श्रीवास्तव और सुशांत शुक्ला के बीच तीखी बहस भी हुई। वही हंगामे के बीच छग विधानसभा में राजिम माघी पुन्नी मेला संशोधन विधेयक पेश कर दिया गया। संस्कृति मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने विधेयक पेश किया। इसके साथ ही अब राजिम पुन्नी मेले का नामकरण कुंभ मेले के रुप में होगा।

# आप सभी का आशीर्वाद बना रहे, आपके ताकत से ही मोदी की गारंटी को पूरा करेंगे- मुख्यमंत्री विष्णु देव साय

* अपने जन्मदिन पर माता से लिया मुख्यमंत्री ने आशीर्वाद पत्नी ने उतारी आरती

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।





* मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने की अपने गुरु की पूजा

* ग्रामीणों और शुभचिंतकों ने दी जन्मदिन की बधाई

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने अपने जन्मदिन के अवसर पर ग्राम बगिया में आयोजित आशीर्वाद समारोह में कहा कि आज जन्मदिन के अवसर पर आप सभी का आशीर्वाद,प्यार,स्नेह पाकर खुद को गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं। आपके इस अहसान को चुकाने के लिए कोई शब्द भी नहीं है। आपका आशीर्वाद लम्बे समय तक और भविष्य में भी मिलता रहेगा,यही कामना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज देश के राष्ट्रपति माननीया द्रोपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सहित विशिष्ट जनों का आशीर्वाद और शुभकामनाएं मिली। आप सभी लोग मेरी ताकत है और यहीं ताकत राज्य में मोदी की गारंटी को पूरा करेगी। राज्य को विकास की राह पर ले जाएगी। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि जन्मदिन के अवसर पर घर में परिवार और मित्रों के बीच रहकर अनुष्ठान में शामिल होने की परंपरा है,जो आज भी कायम रही। आज मुझे दूर दराज जिलों से भी जन्मदिन की बधाई देने लोग आए थे। उन सभी का अभिनंदन है। इससे पूर्व अपने जन्मदिन पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने ग्राम बगिया स्थित निवास में अपनी माता जसमनी साय से आशीर्वाद लिया। उनकी धर्मपत्नी कौशल्या देवी साय ने उनकी आरती उतारी,मिठाई खिलाएं और उनके लम्बी आयु की कामना की। उन्होंने मुख्यमंत्री के हाथों में अंगूठी भी पहनाई। मुख्यमंत्री साय ने अपने गृहग्राम बगिया स्थित निवास में सपरिवार अपने गुरु धनपति पंडा की पूजा भी की। इस दौरान उनके परिजन भी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री के जन्मदिन पर उन्हें बधाई और शुभकामनाएं देने बगिया के निवास में बड़ी संख्या में आसपास के ग्रामीण उपस्थित थे। महिलाएं, बच्चे सहित वरिष्ठ नागरिक बारी-बारी से फूलों का गुलदस्ता देकर जन्मदिन की बधाई दी। सभी ने अपने माटी के लाल मुख्यमंत्री को जन्मदिन के अवसर पर गांव में अपने बीच पाकर गौरवान्वित महसूस किया। कई लोगों ने मुख्यमंत्री का अभिनन्दन के साथ मोबाइल पर सेल्फी भी ली।

# एमएसपी की गारंटी देने वाला कानून बनाना किसी भी सरकार के लिए आसान नहीं है

भारत एक लोकतांत्रिक देश है और संविधान के तहत देश के हर नागरिक को शांतिपूर्ण आंदोलन और प्रदर्शन करने का मौलिक अधिकार है। लेकिन, न्यूनतम समर्थन मूल्य यानी एमएसपी कानून की गारंटी के लिए आंदोलनरत किसान शांतिपूर्ण तरीके से अपनी मांगें मंगवाने के पक्षधर नहीं दिखते। सरकार बातचीत के माध्यम से समस्या सुलझाना चाहती है। लेकिन किसान नेताओं के तेवरों और मांगों की लंबी सूची के दृष्टिगत इस बात की संभावना न्यून है कि बातचीत से ये मसला निपटेगा। वास्तव में किसान नेता भी जानते हैं कि एमएसपी कानून की गारंटी देना इस सरकार तो क्या किसी भी सरकार के लिए आसान नहीं है।

किसानों के असली इरादों को उनकी तैयारियों को देखकर समझा जा सकता है। जिस तरह ट्रैक्टर ट्रालियों में महीनों का राशन और दूसरा जरूरी सामान लेकर वो घरों से निकले हैं, उससे साफ है कि उनकी मंशा समझौते की नहीं, टकराव की है। वो चाहते हैं कि गलती से शासन प्रशासन के हाथों कोई ऐसा काम हो जाए, जिससे वो और उनका पूरा इको सिस्टम सरकार को किसान विरोधी साबित कर सके। ये सारी कवायद चुनाव से पहले माहौल खराब करने और सरकार की छवि को ठेस पहुंचाने की दिखाई देती है।

किसान समस्या का हल चाहते तो बातचीत में विश्वास करते। वो तो दिल्ली की तरफ हजारों की भीड़ लेकर ट्रैक्टर ट्रालियों, गाड़ियों और अन्य साधनों से दिल्ली की ओर ऐसे बढ़े मानो उन्हें किसी विदेशी सरकार से निर्णायक संघर्ष करना है। किसान नेता जब मीडिया या किसी सार्वजनिक मंच से बोलते हैं तो ऐसा व्यवहार करते हैं कि मानो केंद्र सरकार उनकी सबसे बड़ी दुश्मन है। मीडिया से बातचीत के समय किसान नेताओं और उनके समर्थकों की भाषा, बॉडी लैग्वेंज और भाषणों की टोन ऐसी होती हैं मानो किसी दुश्मन देश की सरकार को वो चेतावनी दे रहे हों। करोड़ों नागरिकों द्वारा निर्वाचित सरकार, जो बातचीत के लिए हमेशा तैयार है, उसके प्रति किसान नेताओं का अनादर का भाव कदम कदम पर दिखाई देता है।

किसान नेता अपने आंदोलन को अराजनीतिक बताते हैं। लेकिन राजनीतिक संगठनों के साथ उनके रिश्ते जगजाहिर हैं। इसीलिए कहा जा रहा है कि किसान आंदोलन तो बहाना है- असली काम तो मोदी सरकार को हटाना है। लोगों में चर्चा इस बात को लेकर है कि आखिर बिना राजनीतिक दलों के समर्थन के इतना बड़ा आंदोलन इतनी जल्दी कैसे खड़ा हो सकता है। 2020 में तीन कृषि कानूनों को लेकर पंजाब के 34 किसान संगठन विरोध कर रहे थे, जबकि यह आंदोलन मात्र कुछ किसान संगठनों द्वारा ही किया जा रहा है। तो क्या यह सही है कि इस बार का आंदोलन किसी विशेष उद्देश्य से हो रहा है? भारतीय किसान यूनियन सिद्धूपुर के प्रधान जगजीत सिंह डल्लेवाल इस बार किसान आंदोलन के सबसे प्रमुख चेहरे हैं। जिस तरह पिछली बार गुरुनाम सिंह चढ़ूनी और राकेश टिकैत थे इस बार डल्लेवाल हैं। उनके मुंह से किसान आंदोलन की सच्चाई निकल गई है। डल्लेवाल का एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें वह कह रहे हैं कि राम मंदिर बनने के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का ग्राफ बहुत बढ़ गया था, उसे नीचे लाना है। आंदोलन में शामिल पंजाब के किसान नेता तेजवीर सिंह का एक वीडियो बहुत तेजी से वायरल हो रहा है जिसमें वो किसान आंदोलन के जरिए देश की सरकार बदलने की बात कर रहे हैं। इतना ही नहीं वो किसान आंदोलन को विपक्ष की लड़ाई लड़ने वाला भी बता रहे हैं। मतलब साफ है कि कहीं न कहीं किसान नेताओं को एक बात समझाई गई है कि ये लड़ाई किसानों के अधिकारों और एमएसपी की गारंटी के लिए नहीं है बल्कि इन मुद्दों के नाम पर सरकार को ही बदलना है। यही नहीं किसान आंदोलन को कवर कर रहे बहुत से यूट्यूबरों, मीडिया हाउसेस के वीडियो देखने को मिल रहे हैं जिन्हें देखकर आप यही कह सकते हैं कि किसान आंदोलन भ्रमित है या गलत लोगों के हाथ में है। बहुत से किसान इंडिपेंडेंट पंजाब या खालिस्तान की बात करते हुए मिलते हैं। कुछ तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए अपशब्दों का इस्तेमाल करते हुए मिल जाते हैं।



**किसान नेता अपने आंदोलन को अराजनीतिक बताते हैं। लेकिन राजनीतिक संगठनों के साथ उनके रिश्ते जगजाहिर हैं। इसीलिए कहा जा रहा है कि किसान आंदोलन तो बहाना है- असली काम तो मोदी सरकार को हटाना है।**

इन किसानों के मन में एमएसपी पर गारंटी की डिमांड कम, केंद्र सरकार को बदलने का जज्बा काफी है। इनमें से कुछ में नरेंद्र मोदी के लिए इतनी नफरत भरी हुई है जैसे किसी राजनीतिक दल के कार्यकर्ता अपने विरोधी दलों के नेताओं के बारे में रखता है। बल्कि राजनीतिक दलों के कार्यकर्ताओं में भी अपने विरोधी दल के नेता के लिए मरने-मारने की बात नहीं होती। यहां तो किसान मरने-मारने की बात भी कर रहे हैं। पंजाब में पीएम मोदी का काफिला रोकने की जिम्मेदारी लेने वाले संगठन भारतीय किसान यूनियन क्रांतिकारी संगठन भी इस आंदोलन में शामिल है।

डॉ. आशीष वशिष्ठ


## संपादकीय

### ममता सरकार पर दाग

संदेशखली कांड में तृणमूल सरकार के आचरण को उचित नहीं ठहराया जा सकता। उसे ऐसे गंभीर आरोप के मामले में अधिक तत्परता दिखानी चाहिए। विपक्षी प्रतिनिधिमंडलों को घटनास्थल पर जाने से रोकना तो सिरे से आपत्तिजनक है। पश्चिम बंगाल का संदेशखली कांड ममता बनर्जी की सरकार पर एक गहरा दाग बनता जा रहा है। जिस तरह राज्य सरकार ने विपक्षी प्रतिनिधिमंडलों को इस गांव में जाने से रोका है, उससे यह धारणा और गहराई है कि वह कुछ छिपाना चाहती है। इस कांड में गंभीर आरोप तृणमूल कार्यकर्ताओं पर लगे हैं। उत्तर 24 परगना के गांव संदेशखाली की दर्जनों महिलाओं ने तृणमूल सदस्यों पर यौन उत्पीड़न के संगीन आरोप लगाए हैं। इन महिलाओं के सामने आने के बाद आठ फरवरी को से वहां विरोध प्रदर्शन शुरू हो गए। महिलाओं ने इल्जाम लगाया है कि तृणमूल कांग्रेस से जुड़े शेख शाहजहां और उसके कथित गिरोह ने यौन उत्पीड़न करने के अलावा उनकी जमीन के बड़े हिस्से पर जबरन कब्जा भी कर लिया है। गांव के कई लोगों ने आरोप लगाया है कि वहां पुरुषों को तृणमूल कांग्रेस की बैठकों में शामिल होने के लिए मजबूर किया जाता था। अगर कोई इससे इनकार करता था, तो उनकी पत्नियों को धमकी दी जाती थी। शेख शाहजहां स्थानीय जिला परिषद के सदस्य भी हैं। जनवरी में जब ईडी की टीम उनके घर पर छापेमारी के लिए पहुंची, तब उनके समर्थकों ने ईडी के अधिकारियों पर हमला कर दिया था। ईडी की टीम कथित राशन घोटाले से संबंधित मामले में उनके घर पर पहुंची थी। महिलाओं ने शेख शाहजहां के सहयोगियों शिबू हाजरा और उत्तम सरदार पर भी यौन उत्पीड़न में शामिल होने का आरोप लगाया है।

# स्मृतिः करुणा सेवा और तपस्या की त्रिवेणी आचार्य विद्यासागर, उनके बताए रास्ते पर चलकर होगा राष्ट्र कल्याण

जीवन में हम बहुत कम ऐसे लोगों से मिलते हैं, जिनके निकट जाते ही मन-मस्तिष्क एक सकारात्मक ऊर्जा से भर जाता है। ऐसे व्यक्तियों का स्नेह, आशीर्वाद हमारी बहुत बड़ी पूंजी होता है। संत शिरोमणि आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी महाराज मेरे लिए ऐसे ही थे। उनके समीप अलौकिक आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार होता था। आचार्य विद्यासागर जी जैसे संतों को देखकर यह अनुभव होता था कि कैसे भारत में अध्यात्म किसी अमर और अजस्त्र जलधारा के समान अविरल प्रवाहित होकर समाज का मंगल करता रहता है। आज मुझे, उनसे हुई मुलाकातें, उनसे हुआ संवाद, सब बार-बार याद आ रहा है। पिछले साल नवंबर में छत्तीसगढ़ में डोंगरगढ़ के चंद्रगिरी जैन मंदिर में उनके दर्शन करने जाना मेरे लिए परम सौभाग्य की बात थी। तब मुझे जरा भी अंदाजा नहीं था कि आचार्य जी से मेरी यह आखिरी मुलाकात होगी। वह पल मेरे लिए अविस्मरणीय बन गया है। इस दौरान उन्होंने काफी देर तक मुझसे बातें कीं। उन्होंने देश सेवा में किए जा रहे प्रयासों के लिए मुझे आशीर्वाद दिया। देश के विकास और विश्व मंच पर भारत को मिल रहे सम्मान पर उन्होंने प्रसन्नता भी व्यक्त की थी। उनकी सौम्य दृष्टि और दिव्य मुस्कान प्रेरित करने वाली थी। उनका आशीर्वाद आनंद से भर देने वाला था, जो पूरे वातावरण में उनकी दिव्य उपस्थिति का अहसास करा रहा था। उनका जाना उस अद्भुत मार्गदर्शक को खोने के समान है, जिन्होंने मेरा और अनगिनत लोगों का मार्ग निरंतर प्रशस्त किया है। भारतवर्ष की यह विशेषता रही है कि यहां की पावन



**संत शिरोमणि आचार्य विद्यासागर जी महाराज सम्यक ज्ञान, सम्यक दर्शन और सम्यक चरित्र की त्रिवेणी थे। उनका सम्यक दर्शन जितना आत्मबोध के लिए था, उतना ही सशक्त उनका लोक बोध भी था। उनका सम्यक ज्ञान जितना धर्म को लेकर था, उतना ही उनका चिंतन लोक विज्ञान के लिए भी रहता था।**

धरती ने निरंतर ऐसी महान विभूतियों को जन्म दिया है, जिन्होंने लोगों को दिशा दिखाने के साथ-साथ समाज को भी बेहतर बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है। संतों और समाज सुधार की इसी महान परंपरा में संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज का प्रमुख स्थान है। उनका संपूर्ण जीवन आध्यात्मिक प्रेरणा से भरा रहा। उनके जीवन का हर अध्याय, अद्भुत ज्ञान, असीम करुणा और मानवता के उत्थान के लिए अटूट प्रतिबद्धता से सुशोभित है।

संत शिरोमणि आचार्य विद्यासागर जी महाराज सम्यक ज्ञान, सम्यक दर्शन और सम्यक चरित्र की त्रिवेणी थे। उनका सम्यक दर्शन जितना आत्मबोध के लिए था, उतना ही सशक्त उनका लोक बोध भी था। उनका सम्यक ज्ञान जितना धर्म को लेकर था, उतना ही उनका चिंतन लोक विज्ञान के लिए भी रहता था। करुणा, सेवा और तपस्या से परिपूर्ण आचार्य जी का जीवन भगवान महावीर के आदर्शों का प्रतीक रहा, उनका जीवन जैन धर्म की मूल भावना का सबसे बड़ा उदाहरण रहा।

आचार्य जी जैसे व्यक्तित्वों के कारण ही आज पूरी दुनिया को जैन धर्म और भगवान महावीर के जीवन से जुड़ने की प्रेरणा मिलती है। वह जैन समुदाय के साथ ही अन्य विभिन्न समुदायों के भी बड़े प्रेरणास्रोत रहे। शिक्षा का क्षेत्र उनके हृदय के बहुत करीब रहा है। उनका दृढ़ विश्वास था कि शिक्षा ही एक न्यायपूर्ण और प्रबुद्ध समाज का आधार है। उनकी इच्छा थी कि हमारे युवाओं को ऐसी शिक्षा मिले, जो हमारे सांस्कृतिक मूल्यों पर आधारित हो। वह अक्सर कहा करते थे कि चूंकि हम अपने अतीत के ज्ञान से दूर हो गए हैं, इसलिए वर्तमान में हम अनेक बड़ी चुनौतियों से जूझ रहे हैं। अतीत के ज्ञान में वह आज की अनेक चुनौतियों का समाधान देखते थे।

जैसे जल संकट को लेकर वह भारत के प्राचीन ज्ञान से अनेक समाधान सुझाते थे। उनका यह भी विश्वास था कि शिक्षा वही है, जो स्किल डेवलपमेंट और इनोवेशन पर अपना ध्यान केंद्रित करे। आचार्य जी ने कैदियों की भलाई के लिए भी विभिन्न जेलों में काफी कार्य किया था। कितने ही कैदियों ने आचार्य जी के सहयोग से हथकरघा का प्रशिक्षण लिया। संत शिरोमणि आचार्य जी को देश की भाषायी विविधता पर बहुत गर्व था।

## मिला जुला

### एक नजर

#### किसानों से पांचवें दौर की बातचीत के लिए केंद्र तैयार, कृषि मंत्री अर्जुन मुंडा ने की ये अपील

चंडीगढ़। किसान प्रदर्शन के नौवें दिन भी दिल्ली कूच करने की तैयारियां जोरों पर हैं। प्रदर्शनकारी सैकड़ों की तादाद में शंभू बॉर्डर पर तैनात हैं। इसी क्रम में सरकार ने किसानों से शांति की अपील कर बातचीत का न्योता दिया है। किसान और केंद्र के बीच यह पांचवें दौर की बैठक होगी।
सरकार चौथे दौर के बाद पांचवें दौर में सभी मुद्दे जैसे की MSP की माँग, crop diversification, पराली का विषय, स्रद्धक्रपर बातचीत के लिए तैयार है।मैं दोबारा किसान नेताओं को चर्चा के लिए आमंत्रित करता हूँ। हमें शांति बनाये रखना जरूरी है।k
@AHindinews@DDNewsHindi@DDKisanChannel
एजेंसी एएनआई के अनुसार, केंद्रीय कृषि मंत्री अर्जुन मुंडा ने एक्स पर पोस्ट कर बताया कि सरकार चौथे दौर के बाद पांचवें दौर में सभी मुद्दे जैसे की न्यूनतम समर्थन मूल्य की मांग, फसल विविधीकरण, पराली का विषय और प्राथमिकी को लेकर बातचीत के लिए तैयार है।

#### महाभारत का जिक्र कर मेयर चुनाव में हुई धांधली पर बरसे सीएम केजरीवाल



दिल्ली. विधानसभा की कार्यवाही के दौरान बुधवार को दिल्ली सरकार ने सदन में केंद्र सरकार पर जमकर हमला बोला। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने गीता के श्लोक का जिक्र करते हुए संबोधन शुरू किया। उन्होंने श्लोक का अर्थ बताते हुए कहा कि इसमें कहा गया है कि जब-जब धर्म को कुचला जाएगा तब-तब मानव जाति के कल्याण के लिए भगवान जन्म लेते हैं।

# राज्यसभा की 56 में 41 सीटों पर निर्विरोध चुने गए उम्मीदवार

## जानिए अब किन 15 राज्यसभा सीटों के लिए होगा चुनाव

**लोकसभा** चुनाव से पहले हो रहे राज्यसभा चुनावों की चर्चा जोरों पर है. 56 सीटों के लिए 27 फरवरी को मतदान होना है, लेकिन नाम वापसी की अंतिम तारीख बीतने के साथ ही 41 सीटों पर तस्वीर साफ हो गई है. अलग-अलग राज्यों की 41 सीटों के लिए 41 ही उम्मीदवार मैदान में थे. इन सभी को निर्विरोध निर्वाचित घोषित कर दिया गया है. अब 15 राज्यसभा सीटों के लिए 27 फरवरी को मतदान होगा.



### जेपी नड्डा भी निर्विरोध निर्वाचित

नड्डा और तीन अन्य भाजपा प्रत्याशियों-जसवंतसिंह परमार, मयंक नायक और हीरा कारोबारी गोविंदभाई ढोलकिया को गुजरात से विजेता घोषित किया गया. राजस्थान से, सोनिया गांधी निर्विरोध चुनी गईं, साथ ही भाजपा के चुन्नीलाल गरासिया और मदन राठौड़ भी निर्विरोध चुने गए. महाराष्ट्र के सभी छह उम्मीदवार - भाजपा के चव्हाण, मेधा कुलकर्णी और अजीत गोपछड़े; शिवसेना के मिलिंद देवड़ा, जिन्होंने पिछले महीने कांग्रेस छोड़ दी थी, प्रफुल्ल पटेल (एनसीपी) और चंद्रकांत हंडोरे (कांग्रेस) को निर्विरोध चुना गया.

### 41 उम्मीदवार चुने गए निर्विरोध

राज्यसभा के लिए निर्विरोध चुने गए 41 उम्मीदवारों में कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी, भाजपा प्रमुख जेपी नड्डा, पार्टी में नए शामिल हुए अशोक चव्हाण और केंद्रीय मंत्री अश्विनी वष्णव और एल मुरुगन शामिल हैं. हिमाचल प्रदेश, कर्नाटक और उत्तर प्रदेश की शेष 15 सीटों पर 27 फरवरी को मतदान होगा. बात जब निर्विरोध चुनाव जीतने की हो रही है तो भाजपा ने यहां भी सबसे आगे रहने का झंडा बुलंद किया है.

### बीजेपी को हासिल हुईं 20 सीटें, सबसे अधिक

सत्तासीन पार्टी को राज्यसभा में अभी तक सबसे अधिक 20 सीटें हासिल हुई हैं. इसके बाद कांग्रेस ने (6), तृणमूल कांग्रेस (4), वाईएसआर कांग्रेस (3), राजद (2), बीजेडी (2) और एनसीपी, शिव सेना, बीआरएस और जेडी ( यू) को एक-एक सीटें मिली हैं. चूंकि इन 41 सीटों पर कोई अन्य उम्मीदवार मैदान में नहीं थे, इसलिए संबंधित रिटर्निंग अधिकारियों ने नामांकन वापस लेने की आखिरी तारीख पर उन्हें विजेता घोषित कर दिया.

### जदयू के संजय कुमार झा भी जीते

बिहार में जदयू के संजय कुमार झा, भाजपा के धर्मशीला गुप्ता और भीम सिंह, राजद के मनोज कुमार झा और संजय यादव और कांग्रेस के अखिलेश प्रसाद सिंह जीते. पश्चिम बंगाल से टीएमसी की सुष्मिता देव, सागरिका घोष, ममता ठाकुर और भाजपा के मोहम्मद नदीमुल हक और समिक भट्टाचार्य को विजेता घोषित किया गया. केंद्रीय मंत्री मुरुगन, वाल्मिकी धाम आश्रम के प्रमुख उमेश नाथ महाराज, किसान मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बंशीलाल गुर्जर और मध्य प्रदेश बीजेपी की महिला विंग की अध्यक्ष माया नारोलिया ने मध्य प्रदेश में बीजेपी के लिए चार सीटें हासिल कीं, जबकि कांग्रेस के अशोक सिंह भी निर्विरोध जीते.

### अश्विनी वैष्णव भी भेजे गए

ओडिशा से केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव (भाजपा) और बीजद के देबाशीष सामंत्रे और सुभाशीष खुंटिया ने जीत हासिल की. वाईएसआर कांग्रेस के उम्मीदवारों, जी बाबू राव, वाई वी सुब्बा रेड्डी और एम रघुनाथ रेड्डी ने आंध्र प्रदेश की सभी तीन सीटें जीतीं.

# किसान आंदोलन के बीच चर्चा में हैं पोकलेन मशीनें

## इन पर क्यों सख्त है केंद्र-हरियाणा सरकार



**सरकार** के साथ चार बार की बातचीत बेनतीजा निकलने के बाद एक बार फिर सरकार ने किसानों को बातचीत के लिए न्योता दिया है. इस आमंत्रण के बाद अब किसान आपस में बैठक कर रहे हैं. इससे पहले तक किसान संगठन बुधवार को दिल्ली की तरफ कूच करने की कोशिश में थे. आंदोलन में शामिल 14 हजार किसान अपने 1200 ट्रैक्टरों के साथ शंभू बॉर्डर क्रॉस करना चाह रहे हैं. इसे देखते हुए शंभू और खनौरी बॉर्डर पर स्पेशल अलर्ट है. पंजाब के ष्ठत्नक्क ने सभी रेंज के,ष्ठत्र, द्बत्नक्क और ष्ठद्बत्र को पत्र लिखकर कहा है कि वे किसी भी हालत में भारी वाहन जैसे, पोकलेन, जेसीबी, टिपर और हाइड्रा को पंजाब-हरियाणा की खनौरी और शंभू बॉर्डर की तरफ आगे न बढ़ने दें.

**शंभू बॉर्डर पर किसानों ने की प्रदर्शन की तैयारी**- शंभू बॉर्डर पर किसानों ने प्रदर्शन की पूरी तैयारी कर रखी है. पोकलेन और जेसीबी के साथ-साथ करीब 1200 ट्रैक्टर तैनात हैं. उधर, 5वें दौर की बातचीत के लिए सरकार तैयार हो गई है. कृषि मंत्री अर्जुन मुंडा ने बताया कि वे आगे भी किसानों से बातचीत के लिए तैयार हैं. उन्होंने कहा, शांति बनाए रखना जरूरी है. किसानों ने सरकार के सामने 13 सूत्रीय मांगें रखी थीं, इनमें 10 पर सहमति बन गई है. तीन मांगें पूरी किए जाने पर को लेकर पेच फंसा है. सरकार का कहना है कि इन मांगों को पूरा करने के लिए वक्त की जरूरत है.

# साथ आ रहे 'यूपी के लड़के'..., कांग्रेस को 17 सीटें देगी सपा, अखिलेश बोले- अंत भला तो सब भला



**आगामी** लोकसभा चुनाव को लेकर समाजवादी पार्टी और कांग्रेस में बात बन गई है. दोनों पार्टियों में गठबंधन के फॉर्मूले पर लगभग सहमति बन गई है. आज शाम तक सीट शेयरिंग का ऐलान हो जाएगा. इस संबंध में सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि हमारे बीच कोई विवाद नहीं है. गठबंधन होगा. जल्द ही सारी चीजें साफ हो जाएंगी. बाकी चीजें तो पुरानी हो गई हैं. अंत भला तो सब भला. अखिलेश ने कहा, समाजवादी पार्टी की कोशिश रहेगी कि ज्यादा से ज्यादा लोगों को जोड़ा जाए. समय आने पर लोगों को जिम्मेदारी दी जाएगी. माना जा रहा है कि आज शाम को ही सीट बंटवारे का ऐलान हो सकता है. शाम 5 बजे संयुक्त प्रेस वार्ता होगी. इसमें दोनों पार्टियों के वरिष्ठ नेता भी शामिल होंगे. दोनों दलों की राज्य इकाइयों ने गठबंधन की घोषणा कर दी है

# मर चुका है ममता बनर्जी का जमीर, क्या छुपाना चाहती हैं बंगाल सीएम, संदेशखाली केस पर बोले रविशंकर प्रसाद



**पश्चिम** बंगाल में संदेशखाली केस को लेकर बिहार के पटनासाहिब से बीजेपी सांसद रविशंकर प्रसाद ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) सरकार को घेरा है. उन्होंने दावा किया कि सीएम ममता का जमीर मर चुका है. वह इस केस में क्या कुछ छुपाना चाहती हैं और ऐसा क्यों कर रही हैं? रविशंकर प्रसाद ने संदेशखाली में गिरफ्तार किए गए पत्रकार के मुद्दा भी उठाया है. बीजेपी नेता ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कहा कि संदेशखाली का मामला बेहद गंभीर है. हमारे समाज के लिए यह घटना बेहद शर्मनाक है. सीएम ममता अभी भी इस मसले को बचाने के प्रयास कर रही हैं. वह क्या छुपाना चाहती हैं? ममता दीदी ऐसा क्यों कर रही हैं. उनका जमीर मर चुका है. पूर्व कानून मंत्री ने विपक्षी दलों के इंडिया गठबंधन पर भी सवाल उठाए हैं कि आखिर वो इस मुद्दे पर चुप्पी क्यों साधे हुए है. उन्होंने महिलाओं के सम्मान के मुद्दे पर ममता को घेरा है.

# बस्तर अंचल के अंदरूनी रिमोट एरिया में नियद नेल्लानार योजना से आएगा विकास का उजियारा

## ट्रायबल यूथ एक्सचेंज प्रोग्राम के तहत युवाओं को विकास की मुख्यधारा पर जोड़ने पर बल



**जगदलपुर।** कमिश्नर बस्तर संभाग श्याम धावड़े ने कहा कि बस्तर अंचल के माओवादी आतंक से प्रभावित बेहद संवेदनशील क्षेत्रों में समग्र विकास के लिए शासन ने नियद नेल्लानार अर्थात आपका अच्छा गांव योजना आरंभ की है। इसके माध्यम से उक्त क्षेत्रों के गांवों में अधोसंरचना विकास सहित मूलभूत सुविधाओं की सुलभता हेतु मिशन मोड पर कार्य करें और इस ईलाके के स्थानीय ग्रामीणों के सामाजिक एवं आर्थिक विकास को प्रोत्साहन देकर विकास की उजियारा को चहुंओर पहुंचाएं। कमिश्नर बस्तर श्री धावड़े मंगलवार को संभागायुक्त कार्यालय के सभागार में विभिन्न विभागों के सम्भागीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक के दौरान उक्त निर्देश दिए।

कमिश्नर श्री श्याम धावड़े ने नियद नेल्लानार योजनान्तर्गत बस्तर अंचल के दंतेवाड़ा, सुकमा, बीजापुर, नारायणपुर एवं कांकेर जिलों में 16 नवीन कैम्पों के समीप स्थित 58 गांवों में विकास कार्यों को सुनिश्चित करने सहित ग्रामीणों को मूलभूत सुविधाओं को उपलब्ध कराने के लिए जोर दिया। उन्होंने इस दिशा में चिन्हित 32 योजनाओं एवं सेवाओं के कारगर क्रियान्वयन पर ध्यान केन्द्रित किये जाने की आवश्यकता बताई। साथ ही शिक्षा,स्वास्थ्य, पेयजल, सड़क, बिजली, मोबाइल टॉवर इत्यादि बुनियादी ढांचागत अधोसंरचना विकास कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। ताकि बस्तर के इन माओवाद आतंकवाद प्रभावित क्षेत्रों के ये नए कैम्प सुरक्षा के साथ विश्वास और विकास के भी कैंप साबित हो सकें।

**बस्तर के 16 नवीन कैम्पों के परिधि स्थित गांवों में अधोसंरचना विकास सहित मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करें- कमिश्नर श्याम धावड़े**

### स्वास्थ्य सुविधाओं की उपलब्धता पर फोकस करने के निर्देश

गर्भवती महिलाओं के पंजीकरण, स्वास्थ्य जांच और संस्थागत प्रसव सुविधा देने हेतु मानवीय संवेदनाओं के साथ सेवाओं को बेहतर बनाने पर बल

कमिश्नर श्री धावड़े ने स्वास्थ्य सेवाओं तथा चिकित्सा सुविधाओं की सुलभता की समीक्षा करते हुए बस्तर के मेडिकल कॉलेज में उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली और जगदलपुर मेडिकल कॉलेज में अभी हॉल ही में पदस्थ कार्डियोलॉजिस्ट की सेवाओं को इस अंचल के लिए पुनीत मानवीय सेवा निरूपित किया और मेडिकल कॉलेज में अन्य अत्याधुनिक चिकित्सा सुविधाओं को सुलभ कराने पर जोर दिया। उन्होंने अंदरूनी इलाकों के गांवों में स्वास्थ्य केंद्रों की स्वीकृति के अनुरूप भवन निर्माण सहित चिकित्सकीय सहायता हेतु चिकित्सकों एवं पैरामेडिकल स्टॉफ तथा मानव संसाधन और आवश्यक उपकरण की उपलब्धता इत्यादि की विस्तृत जानकारी प्राप्त कर मानव सेवा के इस पुनीत कार्य में संवेदनशीलता के साथ दायित्व निर्वहन किये जाने कहा। कमिश्नर ने इन नवीन कैम्पों के समीपवर्ती गांवों में स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता पर ध्यान केन्द्रित करने पर जोर देते हुए कहा कि शासन की आयुष्मान भारत योजना के तहत सभी ग्रामीणों को आयुष्मान कार्ड प्रदाय सुनिश्चित किया जाये,ताकि इस ईलाके के जरूरतमन्द लोगों को उपचार सम्बन्धी समुचित सहायता मिल सके। उन्होंने गर्भवती महिलाओं के पंजीकरण, स्वास्थ्य जांच और उनकी संस्थागत प्रसव सुविधा हेतु मानवीय संवेदनाओं के साथ सेवाओं को बेहतर बनाने पर सम्बद्ध विभागीय अधिकारियों को समन्वय स्थापित कर पहल किये जाने कहा।

### बस्तर अंचल के लिए नियद नेल्लानार योजना एक अलग नवाचार

शासन की नियद नेल्लानार योजनान्तर्गत निर्धारित कार्ययोजना के माध्यम से बस्तर संभाग के माओवादी आतंक प्रभावित क्षेत्रों में स्थापित किए गए 16 नये सुरक्षा कैंपों में नवाचार के रूप में कैम्पों के आसपास स्थित करीब 5 ग्रामों की मूलभूत आवश्यकता की दृष्टि से अधोसंरचना विकास एवं परिवारों के सर्वांगीण विकास के कार्य किए जा रहे हैं। उक्त दूरस्थ संवेदनशील क्षेत्रों के सम्बंधित ग्रामों में शासन की 32 व्यक्ति मूलक योजनाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के साथ ही 25 से अधिक मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराए जाने पर पूरा ध्यान केंद्रित किया जा रहा है।

## एक नजर

### चिकित्सा विशेषज्ञों के 8 एवं चिकित्सा अधिकारियों के 10 पदों पर होगी नियुक्ति

#### आवेदन भरने की अंतिम तिथि 5 मार्च निर्धारित, 7 मार्च को होंगे वर्चुअल साक्षात्कार

**दंतेवाड़ा ।** कार्यालय सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक द्वारा जारी विज्ञप्ति अनुसार जिला खनिज न्यास निधि (डी.एम.एफ.) के अन्तर्गत जिला चिकित्सालय दंतेवाड़ा के स्वीकृत पद के विरूद्ध एवं जनहित को ध्यान में रखते हुए पूर्व में सृजित चिकित्सा विशेषज्ञों एवं चिकित्सा अधिकारी के प्रसूतिशास्त्री के 02 पद, बाल चिकित्सा (एमडी) PEDIATRIC (MD)के 02 पद, निश्चेतना विशेषज्ञ के 01 पद, चिकित्सक के 01 पद, ईएनटी विशेषज्ञ के 01 पद, हड्डी रोग विशेषज्ञ के 01 पद तथा चिकित्सा अधिकारी (MEDICAL OFFICERS) के 10 पदों पर भर्ती किया जाना है। कलेक्टर जिला दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा के अनुमोदन उपरान्त जिला चिकित्सालय दंतेवाड़ा, जिला दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा हेतु 08 चिकित्सा विशेषज्ञों एवं 10 चिकित्सा अधिकारियों के पदों को संविदा (डी.एम.एफ.) के अन्तर्गत पात्रता रखने वाले अभ्यर्थियों के लिये आवेदन भरने की अंतिम तिथि 05 मार्च दिन मंगलवार रात्रि 12 बजे तक, एवं वर्चुअल इंटरव्यू तिथि 7 मार्च गुरुवार प्रातः 11 बजे से 4 बजे तक निर्धारित है। अभ्यर्थी https://forms.gle/VynPPyUS4MnLa8F 59 लिंक के माध्यम से अपनी योग्यता संबंधी विवरण अपलोड कर सकेंगें। अधिक जानकारी के लिए जिले के वेबसाइड www.dantewada.gov.in पर अवलोकन किया जा सकता है।

### विधायक चित्रकोट विनायक गोयल की अनुशंसा पर 68 हितग्राहियों को 07 लाख 35 हजार रुपए की आर्थिक सहायता

**जगदलपुर।** राज्य शासन द्वारा माननीय मंत्री गणों एवं राज्य मंत्रियों के जनसंपर्क भ्रमण के समय अनुदान मद के तहत प्राप्त आबटन के अनुसार विधायक विधानसभा क्षेत्र चित्रकोट श्री विनायक गोयल की अनुशंसा के आधार पर कलेक्टर श्री विजय दयाराम के. द्वारा सम्बन्धित विधानसभा क्षेत्र के 68 हितग्राहियों को 07 लाख 35 हजार रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान करने की स्वीकृति दी गई है। जिसके तहत तोकापाल तहसील के 58 हितग्राहियों को 06 लाख 30 हजार रुपए, बास्तानार तहसील के एक हितग्राही को 10 हजार रुपए,लोहण्डीगुड़ा तहसील के 05 हितग्राहियों को 55 हजार रुपए तथा सुकमा जिले में अवस्थित तोंगपाल तहसील के 04 हितग्राहियों को 40 हजार रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान करने की स्वीकृति दी गई है।

#### थाना किरंदुल द्वारा सूचना पर तत्काल कार्यवाही कर

### किरन्दुल से गुम पाच वर्षीय बालक को पुलिस ने एक घंटे के भीतर बरामद कर परिजनों को सौंपा

**किरन्दुल।** मेन मार्केट निवासी विनोद सोनी का 05 वर्षीय पुत्र स्कूल में पढ़ाई करता है जो आज दिनांक 20.02.2024 को स्कूल से छुट्टी होने के बाद भी घर नहीं पहुंचनें पर विनोद सोनी द्वारा अपने पुत्र के गुम होने की सूचना थाना प्रभारी किरन्दुल प्रहलाद कुमार साहू 15.39 बजे देने पर थाना प्रभारी किरन्दुल द्वारा तत्काल मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल शहर की CCTV को खंगालकर व टीम तैयार कर थाना किरन्दुल व कैम्प चोलनार से आसपास के गांवों शहर में पता तलाश हेतु रवाना किया गया । टीम द्वारा उक्त गुम बालक को किरंदुल पुलिस ने 16.17 बजे ग्राम समलवार में मिलने से गुम बालक को मात्र 38 मिनट में बरामद कर उनके परिजनों के सुपुर्द किया गया है। उक्त कार्यवाही में थाना किरंदुल में पदस्थ- सहायक उप निरिक्षक- सोमारू राम कडती, प्रधान आरक्षक - नरेश मंडल, आरक्षक- विक्रांत साहू, रामलाल ओयामी और पदमनाथ की महत्वपूर्ण भूमिका रही।



### किरंदुल नगरपालिका के वार्ड 1 और 8 के पार्षद सालों से लापता

**किरंदुल बचेली।** दंतेवाड़ा जिले का सब से धनी और चर्चित नगरपालिका मे आय दिनों कोई नया विबाद उत्पन्न हो ही जाता है

इन दिनों फिर से 2 नये विवाद देखने को मिल रहा है

1, नगरपालिका की वाहनों के पेपर मे गड़बड़ी

2, नगरपालिका के वार्ड क्र 1 की पार्षद रतनी मंडावी और वार्ड क्र 8 की पार्षद श्रीमती निधि जायसवाल

वार्ड मे लोगो का कहना है की चुनाव के समय इस गुमशुदा पार्षदों को देखा गया था वार्ड मे प्रचार करते हुऐ उसके बाद इन पार्षदों को सिर्फ नगरपालिका की बैठक मे ही देखा जा सकता है

जानकारी के अनुसार लोगो के शिकायत है की वार्ड मे किसी भी प्रकार के की परेशानियों की समाधान के लिए पार्षद कभी दिखते नहीं हैं और ना ही कभी देखा गया है ऐसे मे वार्ड वासी जाये तो कहा जाये वार्ड नंबर 1 में पीने के पानी को समस्या को लेकर वार्ड के लोगों को हो रही परेशानी वार्ड पार्षद का कोई खोज खबर नहीं रहता है।

# मड़ानार विद्यालय में मुख्यमंत्री के जन्म दिवस पर न्योता भोजन का हुआ आयोजन

## जनप्रतिनिधियों द्वारा बच्चों के साथ मुख्यमंत्री की पोट्रेट के समक्ष काटा गया केक



**कोण्डागांव।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के जन्मदिवस के अवसर पर शासकीय उच्च प्राथमिक शाला मड़ानार में बुधवार को मर्दापाल के जनप्रतिनिधियों के द्वारा न्योता भोजन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नारायणपुर विधायक के प्रतिनिधि एवं जिला पंचायत सदस्य खेमचंद नेताम द्वारा स्कूली बच्चों के बीच पहुंच विद्यालय के बच्चों के साथ विद्यालय के शिक्षक शिवचरण साहू और बच्चों द्वारा मुख्यमंत्री की काष्ठ से तैयार की गई पोट्रेट के समक्ष रोली, कुमकुम, पुष्प भेंट कर केक काटाकर शुभकामना संदेश के साथ जन्मदिन मनाया गया। इसके बाद सभी बच्चों को जनप्रतिनिधियों और विद्यालय के शिक्षकों के साथ भोजन परोसा गया। सभी ने बच्चों के साथ मिलकर खाना खाया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक पीएल नाग, शिक्षक आरती बेर, रंजीता तिग्गा, ललिता समरथ, शिवचरण साहू, बाइस राम, जयमन पटेल, जयराम नेताम, उमेश नाग सोमनाथ सहित ग्रामीण भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य खेमचंद नेताम ने कहा कि न्योता भोजन द्वारा लोगों में प्रेरणा का संचार होगा। जिससे सभी में सामुदायिक भावना का संचार होगा और सभी स्वेच्छा से सामुदायिक भागीदारी से बच्चों के भोजन को अधिक पोषक बना सकेंगे।

# रायगढ़ में कम्प्यूटर ऑपरेटर और दो पहिया वाहन मरम्मत का निःशुल्क प्रशिक्षण

जोहार छत्तीसगढ़- सारंगढ़।



रायगढ़ एवं सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के ग्रामीण क्षेत्र में निवासरत गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले परिवार को शिक्षित बेरोजगार युवकए महिला एवं पुरुष के लिए 30 दिवसीय प्रशिक्षण अंतर्गत दो पहिया वाहन मरम्मत 21 फ रवरी 2024 से निःशुल्क प्रशिक्षण प्रारंभ है और कम्प्यूटर डाटा एंट्री ऑपरेटर का प्रशिक्षण 26 फ रवरी से प्रारंभ होगा, जिसमें प्रशिक्षण के लिए इच्छुक भारतीय स्टेट बैंक स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान, टीवी टॉवर रोड क्षेत्रीय पंचायत एवं ग्रामीण विकास प्रशिक्षण केन्द्र के पीछे अतरमुडा रायगढ़ में और वाट्सअप नंबर 7974942078 पर भी सभी दस्तावेज भेजकर पंजीयन करा सकते हैं। प्रशिक्षण के दौरान रहना आवासीय, खाना एवं सीखना पूर्णतः निःशुल्क हैं। प्रशिक्षण कार्यकम के लिये 35-35 सीट निर्धारित है। सहायक संचालक कौशल विकास पुरूषोत्तम स्वर्णकार ने जानकारी दी कि प्रशिक्षण में भाग लेने के लिये उम्र 18 वर्ष से 45 वर्ष एवं कम से कम आठवीं पास होना अनिवार्य हैं। प्रशिक्षणार्थी अपने साथ अंकसूची, आधार कार्ड, गरीबी रेखा राशन कार्ड, रोजगार गारंटी जॉब कार्ड, बैंक पासबुक एवं 5 रंगीन पासपोर्ट साईज का फ ोटो के साथ आवेदन करना होगा। प्रशिक्षण से संबंधित जानकारी 7974942078, 8656919787, 7999984982 में संपर्क कर सकते हैं। विशेष रोजगार गारंटी के तहत् एक वित्तीय वर्ष में 100 दिन कार्य किया है, तो उसे रोजगार गारंटी के तहत् प्रति दिवस 221 की दर से 30 दिवस का भत्ता भी प्रदान किया जायेगा।

# क्षेत्रीय सरस मेले में जिले की 03 महिलाओं को मुख्यमंत्री द्वारा किया गया सम्मानित



**कोण्डागांव।** रायपुर के साइंस कालेज ग्राउंड में मंगलवार को क्षेत्रीय सरस मेले में कोण्डागांव जिले की 03 स्वसहायता समूहों की महिलाओं को मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा उत्कृष्ट कार्य हेतु सम्मानित किया गया। इस मेले में छत्तीसगढ़ के समस्त जिलों से कुल 133 महिला स्व-सहायता समूह एवं असम, उत्तराखण्ड, मध्यप्रदेश, झारखण्ड तथा बिहार के स्वसहायता समूह के सदस्य भी शामिल हुए थे। जिसमें मुख्यमंत्री द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य करने वाली स्वसहायता समूह की 26 महिलाओं को सम्मानित किया गया। जिसमें कोण्डागांव जिले से उत्कृष्ट बैंक सखी कैटेगरी में खेम कुमारी, उत्कृष्ट बीमा सखी कैटेगरी में संतोषी नायक एवं उत्कृष्ट पशु सखी कैटेगरी में चंद्रिका मरकाम को सम्मानित किया गया।

# प्रथम 'बस्तर-भूषण' बने डॉ राजाराम त्रिपाठी'

## (अंचल की दो-दो पद्मश्री विभूतियों की गरिमामय उपस्थिति में सम्मानित हुए डॉ त्रिपाठी,)



**कोंडागांव।** अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त साथी समाजसेवी संस्थान द्वारा राउंड टेबल गुरुकुल के वार्षिकोत्सव एवं बस्तर की विशिष्ट विभूतियों के सम्मान समारोह में पद्मश्री धरमपाल सैनी जी के मुख्य आतिथ्य एवं पद्मश्री हेमचंद मांझी वैद्यराज जी के विशेष आतिथ्य में सुप्रसिद्ध कृषि वैज्ञानिक,जैविक कृषि के अगुआ,ककसाड़ पत्रिका के संपादक, वरिष्ठ साहित्यकार और समसामयिक चिंतक डॉ राजाराम त्रिपाठी को उनके द्वारा बस्तर तथा विशेष रूप से जनजातीय समुदाय विशेषकर वहां की महिलाओं के सर्वांगीण उत्थान के लिए विगत तीन दशकों की दीर्घकालिक निस्वार्थ सेवा, पर्यावरण रक्षा के लिए किए गए प्रयासों तथा कृषि क्षेत्र में निरंतर सफल नवाचारों के सकारात्मक योगदान हेतु प्रथम बस्तर-भूषण सम्मान से सम्मानित किया गया। इस अभूतपूर्व कार्यक्रम की अध्यक्षता भी डॉ राजाराम त्रिपाठी के द्वारा की गई। कोंडागांव कुम्हारपारा के साथी राउंड टेबल गुरुकुल में आयोजित यह दो दिवसीय वार्षिक उत्सव एवं सम्मान समारोह पूर्ण भव्यता एवं गरिमा के साथ संपन्न हुआ। गुरुकुल के बच्चो द्वारा शिक्षको के नेतृत्व में शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रमों की बेहतरीन प्रस्तुतियां दी गई, इसी भव्य कार्यक्रम में कोंडागांव जिले के 3 नेशनल अवॉर्ड प्राप्त शिल्पकारों श्री तिजुराम विश्वकर्मा, श्री पंचूराम सागर तथा श्री राजेंद्र बघेल को भी शिल्प शिरोमणि सम्मान से सम्मानित किया गया तथा 2 शिक्षको ठाकुर राजेंद्र सिंह राठौर एवं श्री आर के जैन जी को शिक्षा गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया। इसके अलावा बस्तर संभाग की दो महान विभूतियों पद्मश्री धरमपाल सैनी जी को उनके द्वारा किए गए कार्यों के लिए विनोबा सम्मान तथा पद्मश्री हेमचंद मांझी जी को धनवंतरी सम्मान से सम्मानित किया गया।

**रोज 50 किलोमीटर साइकिल चलाकर अपने गांव से जगदलपुर पढ़ने आता था- डॉ राजाराम त्रिपाठी**

# महतारी वंदन योजना के लाभ के लिए जमा आवेदन में बैंक खाता से जुड़े मोबाइल नंबर को अपडेट करें- कलेक्टर चौहान

जोहार छत्तीसगढ़- सारंगढ़।





कलेक्टर केएल चौहान ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिले के कार्यों की प्रगति के लिए समय सीमा का बैठक लिया। जिले के आदिम जाति एवं अनुसूचित जाति विकास विभाग के अंतर्गत संचालित आश्रम-छात्रावास का निरीक्षण करने जिन अधिकारियों की ड्यूटी है, वे बालक-बालिकाओं को जागरूक करने के साथ साथ खाने-पीने, रहने या अन्य व्यवस्था का रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए चौहान ने कहा। बैठक में कलेक्टर ने सहायक आयुक्त आशीष बैनर्जी को आश्रम-छात्रावास में एक पॉस्को बॉक्स रखने के निर्देश दिए। बॉक्स में प्राप्त आवेदनों पर विद्यालय समिति एवं जिला स्तर के समिति तक इसका जांच किया जाएगा। कलेक्टर चौहान ने महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी बृजेन्द्र ठाकुर से महतारी वंदन योजना अंतर्गत प्राप्त आवेदनों के संबंध में जानकारी लिया। ठाकुर ने कहा कि हितग्राही जिन्होंने अपने ऑनलाइन या ऑफलाइन फर्म में बैंक से जुड़े मोबाइल नंबर नहीं दिया है, उनको फार्म में सुधारने के लिए 8 मार्च तक का समय है। कलेक्टर ने हितग्राहियों को कहा कि वे अपने नजदीकी आंगनबाड़ी कार्यालय और परियोजना कार्यालय से इस संबंध में संपर्क कर अपने मोबाइल नंबर को अपडेट कर सकते हैंए जिससे उनका पैसा उनके बैंक खाता में सीधा आए। कलेक्टर चौहान ने राजस्व प्रकरणों, अवैध कब्जा और अतिक्रमण पर तत्काल कार्यवाही के लिए तहसीलदार, सीएमओ को निर्देशित किए। चौहान ने खाद्य अधिकारी को कहा कि किसी राशन दुकान को बंद किया जाता है तो उस दुकान का राशन आबंटन नजदीकी दूसरे राशन दुकान में तत्काल करें ताकि उस दुकान के हितग्राही को नजदीक में ही राशन मिले।

**आंगनबाड़ी कार्यालय और परियोजना कार्यालय में हितग्राही 8 मार्च तक करा सकते हैं मोबाइल नंबर अपडेट**

इस अवसर पर परियोजना निदेशक पंचायत हरिशंकर चौहान, संयुक्त कलेक्टर मोनिका वर्मा, टीआर महेश्वरी, खाद्य अधिकारी चित्रकांत ध्रुव, सीएमएचओ डॉ. एफ आर निराला, विद्युत कार्यपालन अभियंता नरेन्द्र नायक, समाज कल्याण अधिकारी विनय तिवारी, उप संचालक कृषि आशुतोष श्रीवास्तव, जिला विपणन अधिकारी मनोज यादव सहित सभी सीईओ, सीएमओ, तहसीलदार एवं जिले के अन्य प्रभारी अधिकारी उपस्थित थे।

# खुंटेपाल में निर्मित हुआ नवीन ग्राम पंचायत भवन, वनांचल ग्राम में सुदृढ़ हुई प्रशासनिक व्यवस्था



**दंतेवाड़ा ।** जनपद पंचायत कुआकोंडा के सुदूर वनांचल ग्राम खुंटेपाल में ग्राम पंचायत भवन का निर्माण पूर्ण कर लिया गया है। गौरतलब है कि ग्राम पंचायत खुंटेपाल वर्ष 2020 से पहले ग्राम पंचायत श्यामगिरी का आश्रित ग्राम था। जिसे वर्ष 2020 में एक नवीन पंचायत बनाया गया। नवनिर्मित ग्राम पंचायत खुंटेपाल में प्रशासनिक व्यवस्था को सुचारू तौर पर लागू करने एवं ग्रामीणों को शासकीय योजना का लाभ सुगमता से उपलब्ध करवाने के लिए एक प्रशासनिक भवन की आवश्यकता थी। क्योंकि सर्व विदित है कि महत्वपूर्ण शासकीय योजनाएं जिसमे महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना, पेंशन योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, स्वच्छ भारत मिशन, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, सहित जाति प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, जन्म, मृत्यु प्रमाण पत्र, राशन कार्ड जैसी मूलभूत प्रशासकीय सुविधाएं सुगमता से ग्राम पंचायत में ही प्राप्त होती है। इसी उद्देश्य से ग्राम पंचायत भवन का निर्माण किया जाना अनिवार्य होता है। प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा नवनिर्मित ग्राम पंचायत खुंटेपाल की आवश्यकताओं को दृष्टिगत रखते हुए एक नवीन ग्राम पंचायत भवन निर्माण कार्य की प्रशासकीय स्वीकृति महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना से राशि 11.42 (ग्यारह लाख बयालीस हजार रूपये) की लागत से प्रदाय की गई।

महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के अधिकारी एवं तकनीकी सहायक सहित कर्मचारियों की तत्परता एवं प्रयासों से जल्द ही नवीन पंचायत भवन निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया गया है। नवीन ग्राम पंचायत भवन निर्माण कार्य समय से पूर्ण हो जाने से अब ग्राम पंचायत खुंटेपाल के निवासियों को अपना प्रशासनिक भवन मिल चुका है और अब उन्हें जाति प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, जन्म, मृत्यु प्रमाण पत्र, राशन कार्ड, पेंशन जैसी मूलभूत प्रशासकीय सुविधाएं सुगमता से प्राप्त हो रही है साथ ही साथ ग्राम पंचायतों हेतु संचालित केन्द्र तथा राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ वे ले पा रहें है। इस प्रकार नवीन ग्राम पंचायत भवन निर्माण की सुविधा से क्षेत्रीय ग्रामीण हर्षित हैं।

# निकरा परियोजना के प्रभाव से फिर से शुरू हुई गाँव में टमाटर की खेती






जोहार छत्तीसगढ़–रायगढ़।

कृषि विज्ञान केंद्र रायगढ़ के निकरा परियोजना के प्रभाव से टमाटर की खेती छोड़ चुके किसानों में आशा की किरण दिखने लगी है। इस परियोजना अंतर्गत गोद ग्राम जुनवानी में सोलेनेसी कुल के सभी फसलों जैसे टमाटर, बैगन आदि पौधों में वर्ष भर सड़ने–गलने एवं उकठा रोग से पौधे की नष्ट होने कि समस्या विगत कुछ वर्षो से विकराल रूप धारण कर ली थी, जिससे किसानों को बहुत ज्यादा नुकसान होता था। फलस्वरूप इस भयंकर समस्या से परेशान होकर किसान अपने फसल पद्धति में टमाटर कि खेती छोड़ दिए थे, जिसके निदान हेतु कृषि विज्ञान केंद्र रायगढ़ के निकरा परियोजना के प्रधान अन्वेषक एवं वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ.बी.एस.राजपूत के मार्गदर्शन एवं केंद्र के वैज्ञानिकों जिसमें परियोजना के सह अन्वेषक व मृदा वैज्ञानिक श्री के.डी.महंत, उद्यानिकी वैज्ञानिक डॉ.बंजारा, पौध रोग वैज्ञानिक श्री मनोज साहू के विशेष प्रयास से किसानों के खेत में भ्रमण के दौरान गहन परीक्षण कर समस्या के निदान हेतु कड़ी मेहनत व प्रयास से पता लगाया गया कि सब्जी कि खेती के लिए विशेष पहचान बना चुकी जुनवानी ग्राम में रेतीली, लाल, बलुई मिटटी उपलब्ध है तथा बार–बार एवं वर्ष भर एक ही फसल लेने के कारण मृदा जनित उकठा रोग (जीवाणु एवं फफूंद जनित)का काफी ज्यादा प्रकोप बढ़ जाता है। इस समस्या के प्रबंधन हेतु केंद्र के वैज्ञानिकों द्वारा उकठा रोग के प्रतिरोधक एवं उन्नत किस्म अर्का सम्राट की खेती का विशेष प्रशिक्षण एवं 13 किसानों के खेत में सफलतापूर्वक जीवंत प्रदर्शन किया गया जिससे ग्राम के किसान टमाटर की सफल खेती से अतिरिक्त आमदनी भी कमा रहें है। केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ.राजपूत ने टमाटर की उन्नत किस्म की तकनीकी खेती व आवश्यक सावधानी के बारे में विस्तृत जानकारी दी एवं यह किस्म उकठा बीमारियों के विरुद्ध प्रतिरोधक होती है। केंद्र के मृदा वैज्ञानिक श्री के.डी.महंत ने खेत की तैयारी व उर्वरक प्रबंधन के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। उद्यानिकी वैज्ञानिक डॉ बंजारा ने टमाटर की खेती, नर्सरी प्रबंधन, पौधों एवं कतार की दूरी के बारे में विशेष जानकारी दी। केंद्र के पौध रोग वैज्ञानिक श्री मनोज साहू ने उकठा रोग प्रबंधन के साथ–साथ ट्राइकोडर्मा द्वारा मृदा उपचार का जीवंत प्रदर्शन किया गया। इस परियोजना के माध्यम से जिले के किसानों को सलाह दी जाती है की टमाटर फसल में उकठा रोग के रोकथाम हेतु समन्वित रोग प्रबंधन तकनीक को अपनाते हुए सफलता पूर्वक खेती किया जा सकता है। इस कार्यक्रम की सफलता में केंद्र के सभी वैज्ञानिकों एवं ग्राम के प्रगतिशील किसान श्री रतन यादव, अश्वनी मालाकार, नरेन्द्र मालाकार, होश राम मालाकर, हीरालाल मालाकार, ननकी राम साहू, आत्मा राम मैत्री, मोहन मालाकार, गोलबदन मालाकार, श्री हरी यादव एवं अन्य किसान उपस्थित रहे।

## कलेक्टर चौहान ने सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले की वेबसाइट का शुभारंभ किया

जोहार छत्तीसगढ़–सारंगढ़।

कलेक्टर केएल चौहान ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिले के अधिकारियों की उपस्थिति में सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले की वेबसाइट सारंगढ़–बिलाईगढ़ डॉट सीजी डॉट जीओवी डॉट इन का शुभारंभ किए। इस अवसर पर कलेक्टर चौहान ने कहा कि इस वेबसाइट में नोटिस, भर्ती, दावा आपत्ति के साथ–साथ जिले के इतिहास, ऐतिहासिक धरोहर, सभी शासकीय एवं निर्वाचन गतिविधियों, कार्यक्रमों, मतदाता जागरूकता, पर्यटन, पुरातात्विक आदि अपलोड किया जाएगा। सभी अधिकारियों ने ताली बजाकर वेबसाइट का स्वागत किए।







## संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ ग्राम किलकिला - हाण्डीपानी






जोहार छत्तीसगढ़ – लैलूंगा।

रायगढ़ जिले के विकास खण्ड लैलूंगा के ग्राम किलकिला – हाण्डीपानी मे् विगत 17 फरवरी 2024 से संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन किया गया है । जो कि लगातार एवं प्रति दिन पूरे क्षेत्र के लोग भक्ति रस में भाव विभोर होकर कथा का आनंद ले रहे हैं । वहीं व्यास पीठ पर विराजमान कुमारी राजकुमारी शास्त्री तिवारी के द्वारा भक्त प्रेमी श्रोतागणों को संगीतमय कथा का रसपान कराया जा रहा है । वहीं आपको बता दें कि कथा श्रवण करने के लिए धर्म प्रेमी सज्जन छत्तीसगढ़ सहित उडीसा प्रान्त के सीमावर्ती क्षेत्र के गाँव से ग्रामीण जन श्रद्धालु भारी संख्या में उपस्थित हो रहे हैं। पूरा क्षेत्र संगीतमय हो गया है, वहीं ग्रामीणों कि सहृदय सहयोग से भगवान विष्णु कि मंदिर का निर्माण किया गया है । जिसका प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का आयोजन किया गया था । जहाँ 20 फरवरी 2024 को भगवान विष्णु जी कि मंदिर कि प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम चल रहा है । जिसका प्राण प्रतिष्ठा का विधिवत् वैदिक पद्धति से अनुष्ठान का कार्यक्रम संचालित कि जा रही है । जो कि दो तीन दिनों के भीतर पूर्ण रूपेण प्रतिष्ठित हो जायेगा । जिसमें मुख्यरूप से उज्जवल पैंकरा गौटिया ग्राम किलकिला, गणपत पैंकरा, पूर्व सरपंच भूपदेव पैंकरा, चितरंजन साहू दशमति पैंकरा जनपद सदस्य, सुकांति पैंकरा, सरपंच हेमा केरकेट्टा, उपसरपंच प्रकाश यादव सहित ग्राम किलकिला के सैकड़ो भक्तगण कथा स्थल पर भगवान कि भक्ति लीन देखे गये हैं ।

## वित्त मंत्री ओ.पी.चौधरी ने सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत नवीन राशनकार्ड का किया वितरण

जोहार छत्तीसगढ़–रायगढ़।

छत्तीसगढ़ के वित्त मंत्री एवं जांजगीर जिले के प्रभारी मंत्री ओपी चौधरी ने सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत जांजगीर जिले की महिलाओं को नवीन राशनकार्ड का वितरण किया। जिले के पात्र हितग्राहियों को सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत अंत्योदय, प्राथमिकता, निराश्रित एवं नि:शक्तजन राशनकार्ड के द्वारा राशन का वितरण किया जा रहा है। बुधवार को प्रभारी मंत्री ओपी चौधरी के द्वारा जांजगीर जिले में सविता सारथी, सावित्री देवी सोनी, सीमा सारथी, मीना तिवारी तथा कंतराबाई को नवीन राशन कार्ड का वितरण किया गया। उल्लेखनीय है कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत प्रचलित राशनकार्डो का



नवीनीकरण किया जा रहा है। जिसकी अंतिम तारीख 25 फरवरी 2024 है। इसमें कम से कम एक सदस्य का ई–केवायसी पूर्ण हो।

अत्यधिक वृद्ध तथा शारीरिक रूप से नि:शक्त ऐसे हितग्राही जिनके लिए नामिनी नियुक्त हैं, उन्हें इस प्रावधान से छूट होगा। छत्तीसगढ़ के सभी जिलों के ऐसे नागरिक पलायन या अन्य किसी कारणवश राज्य से बाहर हैं, उनको राशनकार्ड नवीनीकरण कार्य के लिए घबराने की जरूरत नहीं है। राशन कार्डधारियों की सुविधाओं को दृष्टिगत रखते हुए राशन कार्ड का नवीनीकरण खाद्य विभाग द्वारा तैयार एप्प से हितग्राही स्वयं अपने मोबाइल में अथवा उचित मूल्य दुकानों में संधारित टैबलेट अथवा दुकान संचालक के पंजीकृत एंड्रॉयड मोबाइल में डाउनलोड कर आवेदन कर सकता है। आवेदक स्वयं राशन कार्ड नवीनीकरण कर सकता है।

## एक नजर

### अंत्योदय स्वरोजगार योजना के लिए मंगाये गये आवेदन

इच्छुक हितग्राही जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति में कर सकते आवेदन जमा

जोहार छत्तीसगढ़–रायगढ़।

अनुसूचित जाति वर्ग के व्यक्तियों को स्वयं का व्यवसाय प्रारंभ करने एवं स्वरोजगार से जोड़ने हेतु छ.ग.शासन द्वारा अंत्योदय स्वरोजगार योजना संचालित की जा रही है। योजना में सेवा एवं व्यवसाय क्षेत्र, कृषि क्षेत्र, उद्योग क्षेत्र के अंतर्गत विभिन्न प्रकार के व्यवसाय संचालित करने हेतु ऋण आवेदन आमंत्रित किए जा रहे है।

अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के इच्छुक एवं पात्र व्यक्ति आवेदन पत्र प्राप्त करने हेतु आय, जाति, निवास प्रमाण–पत्र, राशन कार्ड एवं आधार कार्ड की छायाप्रति के साथ आवेदन कार्यालय कलेक्टर जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति, रायगढ़ कक्ष क्रमांक 94 में कार्यालयीन समय में प्राप्त एवं जमा किए जा सकते है। आवेदन में कांट–छांट, ओव्हरराईटिंग इत्यादि स्वीकार नहीं किए जायेंगे।

**योजना में पात्रता एवं शर्तें**– इस योजना के लिए आवेदक अनुसूचित जाति जाति वर्ग का हो, जाति एवं निवास प्रमाण पत्र सरपंच/पार्षद एवं आय प्रमाण–पत्र पटवारी द्वारा जारी प्रस्तुत करना होगा। आवेदक के परिवार की वार्षिक आय 1.50 लाख से अधिक न हो। आवेदक का नाम राशन कार्ड में हो, आधार कार्ड, पेन कार्ड की छायाप्रति, पूर्व में किसी योजना में लाभ नहीं लिया हो का शपथ पत्र देना होगा। आवेदक की आयु 18 वर्ष से कम तथा 50 वर्ष से अधिक न हो। योजना में बैंक द्वारा ऋण स्वीकृति पर 50 प्रतिशत या अधिकतम 10 हजार जो भी कम हो अनुदान का प्रावधान है। इस संबंध में अन्य विस्तृत जानकारी के लिए कार्यालय कलेक्टर जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति, रायगढ़ कक्ष क्रमांक 94 में संपर्क कर सकते है।

### जगतपुर के शासकीय उचित मूल्य दुकान संचालन के लिए 27 फरवरी तक मंगाये गये आवेदन

जोहार छत्तीसगढ़–रायगढ़।

सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत नगर निगम रायगढ़ अंतर्गत वार्ड क्रमांक–04 जगतपुर में शासकीय उचित मूल्य दुकान संचालन के लिए 27 फरवरी तक आवेदन मंगाये गये है। इच्छुक स्थानीय नगरीय निकाय, महिला स्व–सहायता समूह, प्राथमिक कृषि साख समियितां, अन्य सहकारी समितियां, वन सुरक्षा समिति अपने पंजीयन प्रमाण–पत्र एवं अन्य सुसंगत दस्तावेजों सति अपना आवेदन 27 फरवरी 2024 तक कार्यालयीन समयावधि में कार्यालय कलेक्टर, खाद्य शाखा, रायगढ़ में जमा कर सकते है। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आवेदन पत्रों पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

### 25 फरवरी तक करा सकते है राशन कार्ड का नवीनीकरण

जोहार छत्तीसगढ़–रायगढ़।

सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत प्रचलित राशन कार्डो के नवीनीकरण की अंतिम तिथि 25 फरवरी 2024 तक निर्धारित है। हितग्राही उक्त तिथि तक राशन कार्ड का नवीनीकरण करवा सकते है। खाद्य अधिकारी रायगढ़ ने जानकारी देते हुए बताया कि छत्तीसगढ़ सार्वजनिक वितरण प्रणाली नियंत्रण आदेश 2016 के खण्ड 4 (6) के प्रावधान अनुसार राशन कार्डों का नवीनीकरण प्रत्येक 5 वर्ष में छत्तीसगढ़ राशन कार्ड नियम 2016 के प्रावधानों के अनुसार किए जाने के निर्देश शासन से प्राप्त हुए है। जिस हेतु पूर्व में राशन कार्ड नवीनीकरण की अंतिम तिथि 15 फरवरी तक निर्धारित की गई थी, जिसे संशोधित करते हुए हितग्राहियों द्वारा आवेदन की अंतिम तिथि 25 फरवरी तक कर दी गई है। जिले के ऐसे सभी राशन कार्ड हितग्राहियों से अपील है कि जिनका नवीनीकरण नहीं हो पाया है वे अपने राशन कार्ड का नवीनीकरण शीघ्र संबंधित शासकीय उचित मूल्य दुकान अथवा खाद्य विभाग द्वारा तैयार ऐप के माध्यम से खाद्य विभाग की वेबसाईट https://khadya.cg.nic.in से या गूगल प्ले–स्टोर से डाउनलोड कर ऑनलाईन मोबाईल ऐप के माध्यस से करा सकते है।

### सप्ताह में एक दिन पहुंचती है चिकित्सा अधिकारी

**कोरबा** । कोरबा जिलान्तर्गत पाली विकासखंड प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हरदीबाजार में चिकित्सा अधिकारी की गैरमौजूदगी बनी रहने का आरोप स्थानीय ग्रामीणों ने लगाया हैं। बताया जा रहा हैं की 6 माह पूर्व हुए पदस्थापना के बाद से चिकित्सा अधिकारी सप्ताह में केवल एक दिन चिकित्सालय पहुंचती है। गर्भवती महिलाओं का इलाज नर्स व स्टाफ के भरोसे चल रहा है। जानकारी के अनुसार प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हरदीबाजार में आयशा हुमा की चिकित्सा अधिकारी के पद पर पदस्थापना हुई है। आरोप लगाते हुए बताया जा रहा हैं की तब से सप्ताह में एक दिन शुक्रवार को तीन घंटे गर्भवती महिलाओं के चेकअप, जांच के लिए आती है। क्षेत्र की गर्भवती महिलाओं व स्वास्थ संबंधी पीड़ितों का कहना हैं कि वे चिकित्सा अधिकारी को पहचानते तक नहीं है, क्योंकि कार्यस्थल में वह उपस्थित ही नहीं रहती है। लगभग 30 किलोमीटर दूर रहकर सप्ताह में एक दिन स्वास्थ्य केंद्र पहुंचती है। जिस कारण गर्भवती महिलाओं व मरीजों का उपचार नहीं हो पाता।

## अब होना शुरू हुआ रायगढ़ में अधोसंरचना संबंधी विकास–सुशील रामदास

रायगढ़ के कर का कुछ प्रतिशत रायगढ़ के अधोसंरचना पर खर्च होना उचित

जोहार छत्तीसगढ़–रायगढ़।




स्थानीय होटल ट्रिनिटी में इनकम टैक्स विषयक एक कार्यक्रम आयोजित किया गया था। यह कार्यक्रम इनकम टैक्स के आयुक्त एमएम मीणा के मुख्य आतिथ्य व आयकर अधिकारी राहुल मिश्रा, आयकर अधिवक्ता बाबू लाल अग्रवाल, छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्रीज के प्रदेश उपाध्यक्ष सुशील रामदास, सीए विकास अग्रवाल, रायगढ़ चेम्बर से सुनील अग्रवाल के विशिष्ट आतिथ्य में आयोजित था। उक्त कार्यक्रम में नगर के आयकर अधिवक्ता, सीए और सैकड़ों की संख्या में गणमान्य व्यापारी बंधुगण उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में सभा को संबोधित करते हुए छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्रीज के प्रदेश उपाध्यक्ष सुशील रामदास ने कहा कि टैक्स ना देने से कोई व्यापारी, बड़ा व्यापारी नहीं बन सकता है, बल्कि व्यापार को बड़ा बनाने के लिए अपने टैक्स भुगतान की प्रक्रिया पारदर्शी रखनी चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि रायगढ़ टैक्स देने में प्रदेश में उच्चतम् स्थान रखता है, जिसका कुछ हिस्सा यदि यहां के अधोसंरचना के विकास पर खर्च किया जाए तो रायगढ़ की तस्वीर बदल जाएगी। इसके साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि अब रायगढ़ के विधायक ओम प्रकाश चौधरी प्रदेश के वित्त मंत्री बनाए गए हैं, जिसके बाद उन्होंने रायगढ़ के कुछ बड़े कार्यों की स्वीकृति भी देना आरम्भ कर दी है।

इसके अतिरिक्त उन्होंने कहा कि इस प्रकार की पहल कुछ पहले से होती तो रायगढ़ की तस्वीर आज कुछ भिन्न होती। इसके अलावा उन्होंने आगे कहा कि किसानों पर सरकार ध्यान देती है यह अच्छी बात है, लेकिन सरकार को छोटे व्यापारियों पर भी विशेष रूप से ध्यान देना चाहिए क्योंकि छोटे व्यापारी ही देश की अर्थव्यवस्था को मुख्य रूप से गति देने का कार्य करते हैं।

## बच्चों को न्यौता भोजन खिलाकर व्याख्याता ने मनाया अपना जन्मदिन

जोहार छत्तीसगढ़–रायगढ़।



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश एवं शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल के मार्गदर्शन पर छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा द्वारा स्कूली बच्चों में सुपोषण विकास करने के लिये प्रधानमंत्री पोषण शक्ति योजना यानी मध्यान्ह भोजन योजना के तहत भारत सरकार के गाइड लाइन में दिए गए निर्देशानुसार राज्य के सभी स्कूलों में न्यौता भोजन खिलाने के निर्देश दिये गये हैं। उक्त योजनान्तर्गत स्कूलों में चल रहे मध्यान्ह भोजन के अतिरिक्त सुपोषित भोजन समाज के दानवीर लोगों से लेकर बच्चों को परोसा जाना है।

शासन के निर्देश एवं संस्था प्रमुख सरला साहा के प्रोत्साहन से शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सेजेस टारपाली की व्याख्याता सारिका सूर्यवंशी ने आज अपना जन्मदिन नन्हें नन्हें बच्चों के साथ मिलकर मनाने का निर्णय लिया, इन्होंने इसके लिए प्राथमिक शाला डीपापारा टारपाली का चयन किया। सारिका सूर्यवंशी ने अपने जन्मदिन पर 45 बच्चों को मध्यान्ह भोजन के साथ स्वादिष्ट खीर एवं पूरी का वितरण कराया। बच्चों ने पूरे आनंद के साथ ग्रहण किया और प्रफुल्लित होकर जन्मदिन की बधाई देते हुए उन्हें पुष्प गुच्छ से स्वागत किया तथा पेन देकर सम्मानित किया। न्यौता भोजन के अवसर पर जन्मदिन की बधाई देने एवं भोजन ग्रहण करने के लिए संकुल प्राचार्या सरला साहा, जनप्रतिनिधि सोनसाय, संकुल शैक्षिक समन्वयक राजेश शर्मा, प्रधान पाठक राकेश ओहिदार, सहायक शिक्षक छत्रपाल शर्मा उपस्थित थे।



जोहार छत्तीसगढ़ धरमजयगढ़, गुरुवार 22 फरवरी 2024

## फिल्म बड़े मियां छोटे मिया टाइटल ट्रैक हुआ रिलीज




अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ इन दिनों अपनी मच अवेटेड फिल्म बड़े मियां छोटे मियां को लेकर खूब चर्चा में बने हुए हैं. सिल्वर स्क्रीन पर अक्षय और टाइगर की जोड़ी को देखने के लिए फैंस काफी एक्साइटेड हैं. वहीं फैंस के एक्साइटमेंट को दोगुना बढ़ाने के लिए अब मेकर्स ने फिल्म का धांसू टाइटल ट्रैक रिलीज कर दिया है.

इस टाइटल ट्रैक में टाइगर और अक्षय की एनरजेटिक जोड़ी धमाल मचाती हुई नजर आ रही है. वहीं रिलीज होते ही ये गाना सोशल मीडिया पर छाया गया है. गाने को लेकर फैंस की तरफ से पॉजिटिव रिस्पॉन्स मिल रहा है. लोगों को अक्षय-टाइगर की जोड़ी खूब पसंद आ रही है।



## हुमा कुरैशी हुईं एनिमल की मुरीद, बोलीं- पसंद आई रणबीर कपूर की मर्दानगी

एनिमल एक ऐसी फिल्म रही जिसने बेशक बॉक्स ऑफिस पर रिकॉर्डतोड़ कमाई की हो, लेकिन इसने पूरी इंडस्ट्री को दो भागों में बांट दिया है।दर्शकों सहित जहां कुछ कलाकार एनिमल में दिखाई गई चीजों का पुरजोर विरोध कर रहे हैं, वहीं कुछ ऐसे हैं जिन्हें फिल्म बहुत पसंद आई है।

रणबीर कपूर की एनिमल के पक्ष में आए सितारों की लिस्ट में हुमा कुरैशी का नाम भी शामिल हो गया है।अभिनेत्री ने फिल्म की जमकर तारीफ की है। हुमा ने निर्देशक संदीप रेड्डी वांगा की एनिमल पर खुलकर अपने विचार रखे।वह बोलीं, मुझे फिल्म बहुत पसंद आई और मैंने इसका भरपूर लुत्फ उठाया। मुझे इसकी मर्दानगी, एक्शन और संगीत बहुत पसंद आया। यह बहुत ही कलात्मक फिल्म है और मुझे लगता है कि हर तरह की फिल्में बननी चाहिए। एक दर्शक के रूप में यह आपकी पसंद है कि आप उस फिल्म को देखना चाहते हैं या नहीं।

हुमा ने एनिमल जैसी फिल्म करने में अपनी रुचि व्यक्त की।उन्होंने कहा, मैं ऐसी फिल्म करना पसंद करूंगी, जिसमें मैं मशीन गन पकड़ सकूं और हजारों लोगों को मार सकूं। मुझे लगता है कि एक अभिनेता के रूप में किसी इतनी विनाशकारी चीज का हिस्सा बनना बहुत रोमांचक है।अभिनेत्री ने कहा कि जब वह वुल्फ ऑफ वॉल स्ट्रीट फिल्में देखती हैं तो उन्हें लगता है एक कलाकार के रूप में ऐसा किरदार निभाना बहुत रोमांचक है। द वुल्फ ऑफ वॉल स्ट्रीट 2013 में रिलीज हुई एक हॉलीवुड क्राइम फिल्म है। इस फिल्म में लियोनार्डो डीकैप्रियो और मार्गोट रौबी जैसे कलाकार मुख्य भूमिकाओं में हैं। इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर भी शानदार कारोबार किया था और यह फिल्म सुपरहिट रही थी।

## लेटेस्ट लुक से वाणी कपूर ने ढाया कहर

### अदाएं देख मदहोश हुए लोग

वाणी कपूर अपनी एक्टिंग के साथ-साथ स्टाइलिश और ग्लैमरस अवतार के लिए जानी जाती हैं. इंटरनेट पर वाणी का ग्लैमरस लुक अक्सर वायरल रहता है. एक बार फिर वाणी कपूर का ग्लैमरस लुक धमाल मचा रहा है. एक्ट्रेस ने जींस के साथ ब्रालेट पहन फोटोशूट कराया है. इंटरनेट पर उनका ये अवतार तहलका मचा रहा है.

वाणी कपूर के लेटस्ट लुक की बात करें तो वाणी कपूर ने जींस के साथ ब्रालेट बना हुआ है. ब्रालेट पहन वाणी कपूर अपना फिगर फ्लॉन्ट कर रही हैं. इंटरनेट पर वाणी कपूर का ग्लैमरस अवतार धमाल मचा रहा है. वाणी कपूर ने लाइट मेकअप कैरी किया हुआ है. लाइट मेकअप में एक्ट्रेस बेहद स्टनिंग लग रही हैं.

वाणी कपूर सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं. उनका इंस्टाग्राम उनकी बोल्ड और फोटो वीडियो से भरा हुआ हैं. वाणी कपूर अक्सर इंस्टाग्राम लाइव के द्वारा अपने फैंस के साथ जुड़ी रहती हैं. इसके अलावा वह अपने सोशल मीडिया पर अपनी पर्सनल लाइफ के बारे में भी फैंस को जानकारी देती हैं.

वाणी कपूर का जन्म 23 अगस्त 1988 को दिल्ली में हुआ था. उनके पिता का दिल्ली में फर्नीचर एक्सपोर्ट का बिजनेस है. वहीं उनकी मां मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव के रूप में काम करती हैं. वाणी कपूर की पढ़ाई दिल्ली से ही हुई है.



## एक बार फिर फाइटर ने भरी ऊंची उड़ान, करोड़ों में की कमाई




ऋतिक रोशन की हाई-ऑक्टेन एक्शन फिल्म 'फाइटर' बॉक्स ऑफिस पर रिलीज के चौथे हफ्ते में भी जमी हुई है. ये फिल्म 25 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी. फिल्म का रिलीज से पहले काफी बज था और थिएटर्स में दस्तक देने के बाद इसे दर्शकों और क्रिटिक्स से भी काफी पॉजिटिव रिस्पॉन्स मिला. हालांकि कमाई के मामले में फिल्म पीछे रह गई और कुछ खास कलेक्शन नहीं कर पाई है. चलिए यहां जानते हैं फाइटर' ने रिलीज के चौथे संडे यानी 25वें दिन कितने करोड़ की कमाई की है.

'फाइटर' में ऋतिक रोशन और दीपिका पादुकोण ने पहली बार स्क्रीन शेयर की है. देशभक्ति से भरी इस फिल्म में होश उड़ा देने वाले एरियल एक्शन की भी खूब भरमार है. ऐसे में 'फाइटर' का फैंस को काफी बेसब्री से इतजार था. वहीं सिनेमाघरों में दस्तक देने क बाद इस फिल्म ने 22.5 करोड़ से अच्छी ओपनिंग की. फिल्म का पहले हफ्ते का कलेक्शन 146.5 करोड़ रहा. लेकिन इसके बाद दूसरे हफ्ते में फिल्म बॉक्स ऑफिस पर लड़खड़ा गई और इसकी कमाई का ग्राफ भी गिरता चला गया.

## यश की झोली में रामायण के बाद आई जय हनुमान, रावण के बाद बनेंगे भगवान हनुमान



प्रशांत वर्मा की फिल्म हनुमान ने रिलीज के बाद ही बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा दिया था। फिल्म को दर्शकों ने काफी पसंद किया तो इसने हिंदी पट्टी में खूब नोट छापे थे।राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के खास मौके पर फिल्म के निर्माताओं ने इसके सीक्वल जय हनुमान का ऐलान किया था।अब खबरें हैं कि नितेश तिवारी की फिल्म रामायण में रावण के बाद यश इस फिल्म में भगवान हनुमान का किरदार निभाने वाले हैं। पहले जहां राम चरण के भगवान राम की भूमिका निभाने की खबरें आईं तो अब यश से संपर्क किया गया है।

रिपोर्ट के अनुसार, यश भगवान हनुमान का किरदार निभाने के लिए निर्माताओं की पहली पसंद हैं।

## एक बार फिर फैमिली को बचाएंगे अजय देवगन, रोमांचक फिल्म शैतान का नया पोस्टर रिलीज




सस्पेंस थ्रिलर 'दृश्यम 2' के बाद अजय देवगन एक बार फिर सुपरनैचुरल और सस्पेंस थ्रिलर लेकर आ रहे हैं. इस फिल्म का नाम 'शैतान' है. 'शैतान' में ज्योतिका और आर माधवन भी हैं. फिल्म यह 8 मार्च को रिलीज होगी. अजय ने फिल्म से अपने नए लुक को रिवील किया है. इसमें वह काफी इंटेंस लुक में दिख रहे हैं. डार्क कलर थीम वाले पोस्टर में अजय गंभीर और रहस्यमयी से नजर आ रहे हैं. वह कुछ समझने की कोशिश कर रहे हैं. उन्होंने फिल्म की रिलीज डेट भी बताई है. फैन्स इस पर रिएक्शन भी दे रहे थे.

अजय ने पोस्टर के कैप्शन में जो लिखा है, उससे लगता है कि इसमें वह 'दृश्यम' की तरह अपनी फैमिली को बचाते नजर आएंगे. अजय देवगन ने फिल्म का पोस्टर करते हुए लिखा,जब बात अपने परिवार पर आए, तब वो हर शैतान से लड़ जाएगा. 8 मार्च 2024 को सिनेमाघरों पर कब्ज़ा. जैसे ही उन्होंने पोस्टर शेयर किया फैन्स ने रिएक्शन दिया. कई लोगों ने कमेंट सेक्शन में दिल वाले इमोजी कमेंट्स किए. किसी यूजर ने ट्रेलर के बारे में भी पूछा. फिल्म को विकास बहल ने डायरेक्ट किया है. फिल्म के पहले और अब आए पोस्टर्स रोंगटे खड़े कर देने वाला रोमांच देने का वादा करते हैं. इसमें अजय देवगन के साथ ज्योतिका और आर माधवन समेत कई प्रतिभाशाली कलाकार हैं. हाल में 'शैतान' का टीजर आया था, जिसकी एक वॉयसओवर के साथ शुरू होता है, जो कहती है, कहते हैं कि ये दुनिया पूरी बहरी है, पर सुनते सब मेरी है।

# खेल



## नूर अहमद ILT20 से 12 महीने के लिए बैन:प्लेयर कॉन्ट्रैक्ट का उल्लंघन किया

### रिटेंशन की पेशकश को ठुकराया था

दुबई। अफगानिस्तान के स्पिनर नूर अहमद को इंटरनेशनल लीग टी-20 (ILTw0) से 12 महीने के लिए बैन किया गया है। उन्हें लीग के प्लेयर्स कॉन्ट्रैक्ट के उल्लंघन के लिए बैन किया गया है। 19 साल के नूर ने लीग के दूसरे सीजन के लिए शारजाह वॉरियर्स के रिटेंशन नोटिस पर साइन करने से इनकार कर दिया था। नूर ने ILT20 के मौजूदा सीजन में हिस्सा भी नहीं लिया। ऐसे में लीग की अनुशासन समिति ने उन पर प्रतिबंध लगाने का फैसला लिया।

### क्या है पूरा मामला ?

शारजाह वॉरियर्स ने नूर अहमद को इंटरनेशनल लीग टी-20 के पहले सीजन के लिए कॉन्ट्रैक्ट किया था। फ्रेंचाइजी ने नूर को कॉन्ट्रैक्ट एक और साल बढ़ाने की पेशकश की थी, लेकिन अफगान खिलाड़ी ने सीजन 2 के लिए रिटेंशन नोटिस पर हस्ताक्षर करने से इनकार कर दिया।

ऐसे में फ्रेंचाइजी ने अनुशासन समिति से खिलाड़ी से शिकायत की थी। लीग की तीन सदस्यीय अनुशासन समिति में लीग के मुख्य कार्यकारी अधिकारी डेविड व्हाइट, सुरक्षा और भ्रष्टाचार विरोधी प्रमुख कर्नल शामिल हैं।

20 महीन के लिए बैन करने की सिफारिश, फिर घटाया




आजम और अमीरात क्रिकेट बोर्ड के सदस्य जायद अब्बास ने मामले की जांच की और दोनों पक्षों को अलग-अलग सुना। नूर और शारजाह वॉरियर्स और उनके सामने मौजूद सबूतों की जांच करने पर उन्होंने नूर पर 12 महीने के प्रतिबंध का अपना अंतिम फैसला सुनाया।

समिति ने पहले 20 महीने के प्रतिबंध की सिफारिश की थी, लेकिन इस तथ्य को ध्यान में रखा कि खिलाड़ी समझौते पर हस्ताक्षर करने के समय नूर नाबालिग था और उसने समिति को बताया कि उसके एजेंट ने उसे अनुबंध की पूरी शर्तों के बारे में सूचित नहीं किया था। उनके मूल प्रतिबंध से आठ महीने की छूट दी गई।

## एक नजर

### रांची में भारत-इंग्लैंड टेस्ट मैच से पहले धमकी

#### गुरपतवंत सिंह पन्नू ने वीडियो जारी किया, माओवादियों से कहा-मैच न होने दें

**रांची।** रांची में भारत-इंग्लैंड टेस्ट मैच को लेकर धमकी मिली है। यह धमकी सिख फॉर जस्टिस संगठन की ओर से दी गई है। सिख फॉर जस्टिस संगठन के चीफ गुरपतवंत सिंह पन्नू ने यूट्यूब पर वीडियो जारी कर माओवादियों से अपील की। उसने कहा है कि वे रांची में मैच नहीं होने दें। रांची में 23 फरवरी से दोनों टीमो के बीच मैच होना है। धमकी के बाद पुलिस अलर्ट हो गई है। रांची के धुर्वा थाने में मामला दर्ज किया है। मामला आईटी एक्ट के तहत दर्ज कराया गया है। पुलिस जांच में जुट गई है। पुलिस की ओर से दर्ज कराए गए एफआईआर के मुताबिक पंजाब के रहने वाले गुरपतवंत सिंह पन्नू फिलहाल अमेरिका में रहता है। उसने ही यूट्यूब पर एक वीडियो जारी किया है। इसमें उसने माओवादियों से अपील की है कि वह झारखंड और पंजाब में बवंडर पैदा करें। वे भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा और इंग्लैंड टीम के कप्तान बेन स्टोक्स को मैच नहीं खेलने दें। पुलिस के मुताबिक वीडियो में उसने कहा है कि इंग्लैंड टीम इंडिया से वापस हो जाए।



### सरफराज ने रोजाना नेट्स पर 500 गेंदे खेलीं

#### सफलता के पीछे पिता के साथ-साथ कई कोच का हाथ; डेब्यू टेस्ट की दोनों इंनिंग्स में अर्धशतक

सरफराज खान ने इंग्लैंड के खिलाफ अपने डेब्यू टेस्ट की दोनों इंनिंग्स में अर्धशतक लगाए। उन्होंने इस दौरान स्पिनरों का शानदार तरीके से सामना किया। यह उनके और उनके पिता नौशाद खान के 15 साल की कड़ी मेहनत का रिजल्ट था। सरफराज ने अपने पिता नौशाद खान की निगरानी में रोजाना नेट्स पर 500 गेंदे खेलीं।



सरफराज ने डेब्यू मैच में स्पिनर्स का सामना आसानी से जरूर किया, लेकिन उन्होंने इसके लिए कड़ी मेहनत की है। सरफराज के सफलता के पीछे उनके पिता के साथ-साथ भुवनेश्वर कुमार के कोच संजय रस्तोगी, मोहम्मद शमी के कोच बदरुद्दीन शेख, कुलदीप यादव के कोच कपिल देव पांडे, गौतम गंभीर के कोच संजय भारद्वाज और अभिमन्यु ईश्वरन के पिता आरपी ईश्वरन का बड़ा हाथ है।

मुंबई में सरफराज को करीब से देखने वाले एक कोच ने कहा, सरफराज ने मुंबई में आजाद मैदान, क्रॉस और ओवल में ऑफ, लेग और बाएं हाथ के स्पिनर्स के रोजाना 500 गेंदों का सामना किया। कोविड लॉकडाउन के दौरान उन्होंने कार से करीब 1600 किलो मीटर की दूरी तय की। मुंबई से अमरोहा, मुरादाबाद, मेरठ, कानपुर, मथुरा और देहरादून में उन्होंने यात्रा की।

## बुमराह और राहुल चौथा टेस्ट नहीं खेलेंगे

### जसप्रीत को आराम दिया, केएल अनफिट; मुकेश कुमार की वापसी

**मुंबई।** तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और केएल राहुल इंग्लैंड के खिलाफ 5 मैचों की टेस्ट सीरीज के चौथे मुकाबले में भारतीय टीम का हिस्सा नहीं होंगे। BCCI ने उन्हें स्क्वॉड से रिलीज कर दिया। जसप्रीत को वर्कलोड मैनेजमेंट के तहत आराम दिया गया है, जबकि विकेटकीपर बल्लेबाज केएल राहुल पूरी तरह से फिट नहीं हो सके हैं। फिलहाल वे NCA में रिहैब कर रहे हैं।


जसप्रीत बुमराह

बोर्ड ने बुमराह की जगह तेज गेंदबाज मुकेश कुमार को टीम में शामिल किया है। वे रांची टेस्ट में प्लेइंग-11 का हिस्सा हो सकते हैं। कुछ रिपोर्ट्स में बुमराह के न खेलने का दावा पहले ही किया जा चुका है। हालांकि इन रिपोर्ट में केएल राहुल को मैच के लिए फिट बताया गया था।

30 साल के जसप्रीत बुमराह इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज में टॉप विकेटटेकर हैं। वे तीन मैचों में सबसे ज्यादा 17 विकेट ले चुके हैं। वर्कलोड मैनेजमेंट के तहत बुमराह को आराम दिया गया है ताकि आखिरी टेस्ट के लिए वे तरोताजा और फिट रहें। बुमराह तीन मैचों में 80.5 ओवर गेंदबाजी कर चुके हैं। पिछले मुकाबले में इस तेज गेंदबाज ने 23 ओवर गेंदबाजी की थी।

### दूसरे टेस्ट में सिराज को भी दिया था ब्रेक

बुमराह की जगह तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज को दूसरे टेस्ट में रेस्ट दिया गया था। वह राजकोट टेस्ट में प्लेइंग-11 का हिस्सा रहे। उन्होंने तीसरे मुकाबले में 4 विकेट हासिल किए थे।

## रणजी क्वार्टर फाइनल नहीं खेलेंगे श्रेयस अय्यर

### पीठ में चोट के कारण टीम से बाहर हुए; मुशीर खान मुंबई के स्क्वॉड में शामिल

श्रेयस अय्यर रणजी ट्रॉफी का क्वार्टर फाइनल मुकाबला नहीं खेल सकेंगे। BCCI ने पिछले दिनों रणजी ट्रॉफी नहीं खेलने वाले प्लेयर्स पर सख्ती अपनाई और उन्हें वॉर्निंग लेटर लिखा था। श्रेयस ने मुंबई के लिए रणजी के 7वें राउंड का मुकाबला नहीं खेला और अब वह इंजरी के कारण नॉकआउट मैच से बाहर हो गए हैं।



अय्यर पीठ में चोट के कारण बाहर हुए हैं। वहीं टीम इंडिया के लिए टी-20 डेब्यू कर चुके शिवम दुबे भी इंजर्ड हैं। वह भी बड़ोदा के खिलाफ मुंबई से मुकाबला नहीं खेल सकेंगे। मुंबई ने नॉकआउट स्टेज के लिए 19 साल के ऑलराउंडर मुशीर खान को शामिल किया है। रणजी ट्रॉफी में एलिट ग्रुप के नॉकआउट मुकाबले 23 फरवरी से शुरू होंगे। मुंबई ने ग्रुप-बी में टॉप पर रहकर क्वालिफाई किया। श्रेयस टीम के लिए जनवरी में एक ही मुकाबला खेल सके थे। इसके बाद वह इंग्लैंड के खिलाफ टीम इंडिया से 2 टेस्ट खेलते नजर आए थे। शुरुआती 2 मुकाबलों में खराब परफॉर्मेंस के बाद उन्हें आखिरी 3 टेस्ट की टीम से बाहर कर दिया। इसके बावजूद उन्होंने 16 फरवरी से रणजी में टीम के आखिरी राउंड का मुकाबला नहीं खेला। अब वह पीठ में चोट के कारण क्वार्टर फाइनल से भी बाहर हो गए हैं। श्रेयस पीठ में इंजरी के कारण ही 2023 का IPL सीजन भी नहीं खेल सके थे। उनकी जगह नीतीश राणा ने कोलकाता नाइट राइडर्स टीम की कमान संभाली थी। हालांकि टीम टॉप-4 में क्वालिफाई नहीं कर सकी थी। IPL के बाद भी श्रेयस अगस्त तक क्रिकेट फील्ड पर वापसी नहीं कर सके। उन्हें एशिया कप के स्क्वॉड में जगह मिली लेकिन वह 2 ही मुकाबले खेल सके। लेकिन वनडे वर्ल्ड कप में उन्होंने नंबर-4 की पोजिशन संभाली और 2 सेंचुरी लगाकर 530 रन बना दिए। श्रेयस ने फिर टेस्ट टीम में जगह बनाई और साउथ अफ्रीका दौरे पर दोनों मुकाबले खेले। उन्हें फिर इंग्लैंड के खिलाफ भी टेस्ट खेलने का मौका मिला।

# बदनारा सब-स्टेशन के पावर ट्रांसफर्मर लगाने की गुहार जिलाधीश के दरबार किसानों का काफिला

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।

**बेमेतरा ध्नवागढ़ ध्नादघांट बदनारा सब-स्टेशन के अंतर्गत 19 गांव के पावर सप्लाई किया जाता है यहा इतना कम वोल्टेज है की सभी गांव एक साथ चालू करने पर पांच मिनट भी नहीं चल पाता इसलिए 24 घंटे एक तरफ फिर दूसरे दिन 24 घंटे दुसरे तरफ पावर दिया जा रहा है।**



ऐसे में किसान एक-दो एकड़ भी सिचाई नहीं कर पायेंगे गांव में पीने के पानी के लिए सिंगल फेस पंप भी ठीक से नहीं चल पा रहा है किसान एक महीने से नवागढ़ जा रहे है फिर भी समस्या का कोई समाधान नहीं हो रहा है। जिला कलेक्टर के समक्ष अपनी निवेदन करते हुए बदनारा सब-स्टेशन में अतिशीघ्र पावर ट्रांसफार्मर लगाने की कृपा हो अन्यथा किसान उग्र आन्दोलन के लिए मजबूर हो जायेंगे कहते हुए अपनी पीडा मिडिया के सामने आये किसानों ने सुनाया।

### हर गांव की इस पहली समस्या का स्थाई समाधान निकाले का उपाय

मूलभूत सुविधाओं में से एक बिजली है। हर पांच साल में सत्ता परिवर्तन होते रहता है। और प्रत्येक गांव के लोगों को मुलभूत सुविधा उपलब्ध कराने सरकार बड़े से बड़े योजनाओं के माध्यम से समस्या का समाधान करने तथा ग्रामीण अंचलों में पर्याप्त सुविधाएं सुनिश्चित कराने लाखों करोड़ों रुपए पानी की तरह बहाई जाती है किन्तु हकिकत कुछ और ही बयां करती है जिससे अनुमान लगाया जा सकता है। विकास कार्य को आसमान निकल गया या फिर धरती पर समा गई बड़ी गम्भीर विषय है जिला प्रशासन को निश्चित रूप से हर गांव की इस पहली समस्या का स्थाई समाधान निकाले का उपाय करें।

राजकुमार सरपंच बदनारा

### भाड़े की मिस्त्री के सहारे बदनारा सब स्टेशन

सरकार युवाओं को रोजगार दे आज भी बदनारा सब स्टेशन पर सिर्फ भाड़े का मिस्त्री के भरोसे पर चल रहा है आखिर का विघृत विभाग प्रर्याप्त कर्मचारी लाईन मैन व मिस्त्रियों की भर्ती क्यों नहीं करती है जनता सरकार चुनने के लिए अपनी मताधिकार का प्रयोग कर अपनी आगामी भविष्य की मुलभूत सुविधा की आश लगाकर जनप्रतिनिधि की ओर से होने वाले सभी काम काज को लेकर खुश तो होते हैं किंतु विकास कार्यो के नाम पर हर बार जनता छला जाता है।

* सरकार व जिला प्रशासन से जुड़े उम्मीद पर जल्द लगेगी मुहर मिलेगा प्रयाप्त बिजली या फिर होगा दिखावे का खेल।

**डोमन साहू पूर्व सरपंच प्रतिनिधि बदनारा**

ग्रामीण अंचलों में होने वाले आज की सबसे बड़ी समस्या और चुनौती विघृत की आपूर्ति को निरन्तर जारी रखना बल्कि इसका विपरीत कार्य ग्रामीण अंचलों में होता है एक घंटा भी ठीक से नहीं चलता पम्प से पानी आने से पहले ही बिजली गुल हो जाती है इसका सीधा मतलब है की ट्रांसफर की लोड क्षमता से ज्यादा का कनेक्शन अपनी कमाई करने के लिए दिया गया जिनका पुरा नुकसान सभी को उठानी पड़ती है। यदि उच्च स्तरीय जांच विघृत विभाग की कराई जाए तो एक चौंकाने वाले बात निकल कर सामने आएगी जितने भी टीसी कनेक्शन किसानों ने कटवाया है उनका पावती रसीद मांग कर देखा जाए जिससे किसानों के साथ जो अवैध उगाही का खुलासा हो सकेगा।

## एक नजर

### प्राकृतिक आपदा में जनहानि के मामलों में प्रभावित परिजन हेतु 04 लाख की राशि स्वीकृत

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल ने प्राकृतिक आपदा में जनहानि के एक मामलों में प्रभावित परिजन हेतु आर.बी.सी. 6.4 के तहत 04 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। जिसमें पत्थलगांव तहसील अंतर्गत ग्राम कोलढोढ़ी निवासी मंगना लकड़ा का 29 जून 2023 को तालाब के पानी में डूबने से मृत्यु हो जाने पर मृतक के निकटतम वारिस मृतक के पत्नी सुबा बाई हेतु 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

### सारंगढ़ में विकसित भारत संकल्प यात्रा का फेस-2 कार्यक्रम संपन्न

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़ बिलाईगढ़।








कलेक्टर केएल चौहान के निर्देशन में विकसित भारत संकल्प यात्रा फेस-2 शिविर नगरपालिका परिषद सारंगढ़ के जेल पारा और राजा पारा में आयोजित किया गया। शिविर में 1642 हितग्राहियों को शासन के विभिन्न योजनाओं के तहत लाभ दिया गया। इस अवसर पर गणमान्य नागरिक अजय गोपाल,रामावतार यादव सोना, अवधेश ठेठवार, कुंजबिहारी आदित्य, प्रहलाद आदित्य, सीएमओ राजेश पांडेय, रोशन यादव सहित अन्य अतिथियों ने सरकार के कैलेंडर का विमोचन किया। मंच का संचालन प्रधानपाठक प्रियंका गोस्वामी ने की। इस अवसर पर बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित थे।

### छत्तीसगढ़ मिनी फुटबॉल एसोसिएशन के हितानंद अग्रवाल बने अध्यक्ष

**कोरबा** । कोरबा अंचल के टी.पी. नगर क्षेत्र में स्थित होटल महाराजा में आयोजित छत्तीसगढ़ मिनी फुटबॉल एसोसिएशन की आम सभा व वार्षिक चुनाव में सर्व सम्मति से नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष हितानंद अग्रवाल को अध्यक्ष, महासचिव जावेद शेख और सरोज राठौर उपाध्यक्ष बनाए गए। बैठक की अध्यक्षता जिला ओलंपिक संघ के सचिव सुरेश क्रिस्टोफर ने की।

महासचिव शेख जावेद द्वारा बताया गया कि आगामी मई माह में अंडर-19 वर्ग का राष्ट्रीय मिनी फुटबॉल प्रतियोगिता संपन्न होगी। प्रतियोगिता को सफल बनाने हेतु विभिन्न पदों पर पदाधिकारियों का चयन करते हुए महासचिव द्वारा कोरबा के सरोज राठौर को उपाध्यक्ष पद की महत्त्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गई, साथ ही अन्य कार्यकारिणी सदस्यों में अनूप राय, राजेश पाण्डेय, अविनाश बंजारे, मोहम्मद दानिश, सुरेन्द्र, फरमान दास, आशीष कैलब, मोहम्मद कलीम, शमीउल खान, सिकंदर टोप्पो, मंदिर तिवारी, श्याम बघेल, भूपेंद्र हिरवानी, विपिन यादव, राजेश मिश्रा, अनिल यादव, मसूद अहसन, जितेंद्र सिंह राजपूत आदि चुने गए।

### सर्व यादव समाज के कैलेंडर का किया गया विमोचन

**कोरबा** । सर्व यादव समाज की ब्लॉक कटघोरा के ग्राम छिरहुट में बैठक संपन्न हुई। सर्वप्रथम भगवान श्री कृष्ण की पूजा-अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। सर्व यादव समाज जिला संगठन के पदाधिकारी के करकमलों द्वारा कैलेंडर का विमोचन किया गया। उपस्थिति ब्लाक पदाधिकारी व सदस्यों को नव वर्ष के कैलेंडर भेंट करते हुए शुभकामनाएं प्रेषित की। ब्लॉक पदाधिकारी का नियुक्ति पत्र भी दिया गया। यादव समाज के आगंतुक सभी पदाधिकारी ने समाज विकास के विषय पर प्रकाश डाला। नशा मुक्ति अभियान पर विशेष विभिन्न पहलुओं पर निवेदन करते हुए आग्रह किया गया।

## घर घूसकर मारपीट व तोड़फोड़ करने वाले 2 अद्यतन बदमाश गिरफ्तार

जोहार छत्तीसगढ़-रतनपुर।




थाना रतनपुर क्षेत्रर्गंत सोनारपारा रतनपुर निवासी यश सोनी 20 फरवरी 2024 के शाम 4 बजे थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि मोहल्ले के आलोक देवांगन और रोशन निर्मलकर प्रार्थी के घर के दरवाजा को ईट से मार रहे थे जिसे प्रार्थी के पिता के द्वारा मना करने पर दोनो बदमाशो द्वारा अश्लील मां बहन की गालिया देते हुये घर अंदर घूस गये और झगड़ा करने लगे दोनो बदमाश शराब के नशे मे थे प्रार्थी यश के द्वारा गाली गलौच करने से मना करने तथा घर से बाहर निकलने की बात कहने पर बदमाश आलोक देवागन के द्वारा अपना बेल्ट निकालकर यश को मारपीट करना शूरू कर दिया तथा साथी रोशन निर्मलकर के द्वारा घर में उत्पात मचाते हुये टीव्ही को तोड़फोड़ कर दिया मोहल्ले वाले आकर बीच बचाव किये। प्रार्थी के रिपोर्ट पर धारा सदर का अपराध पंजीबद्ध कर थाना प्रभारी के द्वारा त्वरित थाना पेट्रोंलिग को दोनो बदमाश की पतासाजी हेतु मौके पर रवाना किया।

जो उक्त दोनों आरोपीयों को थाना लाकर को गिरफ तारी कार्यवाही कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। गिरफ तार आरोपी,आलोक देवागन पिता कृष्णा देवागन उम्र 19 साल निवासी सोनारपारा थाना रतनपुर,रोशन निर्मलकर पिता रामेश्वर निर्मलकर उम्र 18 साल साकिन सोनापारा रतनपुर।

## जन्मदिन पर मुख्यमंत्री साय का न्योता भोज, अपनी थाली की मिठाई बाजू में बैठे बच्चों को दे दी

बच्चों की मासूम मनुहार पर मुख्यमंत्री ने कहा आपसे मिलने आता रहूंगा

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।




मुख्यमंत्री विष्णु देव साय अपने मन में बच्चों के प्रति कितना स्नेह रखते हैं। यह उनके जन्मदिन के अवसर पर बगिया के आश्रम शाला में आयोजित न्योता भोज के दौरान छोटे-छोटे प्रसंगों में सामने आया। मुख्यमंत्री और बच्चों को जब भोजन परोसा गया तो मुख्यमंत्री ने अपनी थाली की मिठाई अपने बगल में बैठे बच्चों अनुज और सुमीत को दे दी। खाने के दौरान मुख्यमंत्री उनसे ढेर सारी बातें करते रहे। बच्चों को मुख्यमंत्री घर के मुखिया की तरह लगे। बच्चों को मुख्यमंत्री ने कहा कि आप सभी को खूब मन लगाकर पढ़ना है। ऊंचे मुकाम पर आपको पहुंचना है। नन्हे बच्चे भी मुख्यमंत्री साय को अपने बीच पाकर काफी उत्साहित रहे और मुख्यमंत्री से कहा कि सीएम सर हमसे मिलने और आइएगा। मुख्यमंत्री साय बच्चों की इस मासूम मनुहार पर मुस्कुराए और कहा बगिया तो मेरा घर है तो आप लोगों से मिलने तो आता ही रहूंगा। बगिया के बालक आश्रम के नन्हें बच्चों का दिन आज बेहद खास रहा। क्योंकि उनके बीच प्रदेश के मुख्यमंत्री पहुंचे थे। वो भी अपना जन्मदिन मनाने। बच्चों ने मुख्यमंत्री साय को कविता के माध्यम से जन्मदिन की बधाई दी। मुख्यमंत्री साय ने बच्चों के साथ केक काटकर जन्मदिन मनाया। उन्होंने बच्चों को केक

**बगिया के बालक आश्रम शाला में बच्चों के साथ केक काटकर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने मनाया जन्मदिन, बच्चों को बांटे उपहार**

खिलाया और उन्हें क्रिकेट किटए बैडमिंटनए वॉलीबॉल जैसी खेल सामग्री उपहार में दिए। इस मौके पर पद्मश्री जागेश्वर यादव भी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री साय ने इस मौके पर कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक परंपरा की शुरुआत की है। जिसमें प्रधानमंत्री पोषण शक्ति योजना को सामुदायिक सहयोग से और अधिक पोषक बनाने की पहल की गई है। इसी के तहत आज अपने जन्मदिन मनाने बगिया बालक आश्रम शाला के बच्चों के बीच पहुंचा हूं और न्योता भोज में आपके साथ बैठकर भोजन का आनंद लिया। उन्होंने दूसरों से भी अपील करते हुए कहा कि किसी जन्मदिन, वर्षगांठ जैसे खास मौकों पर अपने पास के स्कूल, आश्रम, छात्रावास में जाकर बच्चों के साथ न्योता भोज में जरूर शामिल हों। इससे समुदाय में अपनेपन की भावना का विकास, भोजन के पोषक मूल्य में वृद्धि और सभी समुदाय वर्ग के बच्चों के बीच समानता की भावना विकसित करने के लक्ष्य की पूर्ति होगी। इस दौरान आईजी अंकित गर्ग, सीसीएफ नवीद सजाउद्दीन, कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल, एसपी शशि मोहन सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधि व वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।



## जन्मदिन के अवसर पर मुख्यमंत्री साय ने धर्मपत्नी के साथ की गुरु धनपति पंडा की पूजा

हर साल अपने जन्मदिन पर मुख्यमंत्री करते हैं गुरु की पूजा



**धर्मपत्नी ने आरती कर मुख्यमंत्री साय को दी जन्मदिन की शुभकामनाएं**

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की धर्मपत्नी कौशल्या देवी साय ने आरती कर उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं दी।

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने जन्मदिन के अवसर पर ग्राम बगिया निवास में आज अपनी धर्मपत्नी कौशल्या देवी साय एवं परिजनों के साथ अपने गुरु धनपति पंडा की विशेष पूजा की। मुख्यमंत्री हर साल अपने जन्मदिन पर गुरु की पूजा करते हैं। जन्मदिन के अवसर पर



## मुख्यमंत्री नेतृत्व में प्रदेश विकास की ओर अग्रसर कर रहा -योगेश तिवारी

योगेश तिवारी व समर्थकों ने मुख्यमंत्री का मनाया जन्मदिन, अस्पताल में मरीजों को बांटे फल

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।

*मुख्यमंत्री विष्णु देव सहाय के जन्मदिन के अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष सर्व हिंदू संगठन योगेश तिवारी ने रायपुर में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया। मुख्य रूप से किसान नेता व उनके समर्थको ने रायपुर में मेकाहारा हॉस्पिटल में मरीजों को फल का वितरण किया।*




वही आकाशवाणी स्थित मां काली मंदिर में मुख्यमंत्री के दीर्घायु होने की कामना को लेकर हवन पूजन हुआ। हवन पूजन के पश्चात भंडारा आयोजित हुआ। जिसमें सैकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। वही बेरला के नेवनारा चंडी मंदिर में योगेश तिवारी के समर्थकों ने हवन पूजन किया। शाम करीब 7 बजे मुख्यमंत्री विष्णु देव साय मां काली मंदिर के आयोजन में शामिल होने पहुंचे। इस दौरान मुख्यमंत्री ने योगेश तिवारी व उनके समर्थकों के बीच केक काटकर जन्मदिन मनाया। माता का आशीर्वाद लेने के साथ प्रदेशवासियों के सुख समृद्धि की कामना किया। इस अवसर पर किसान नेता ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को जन्मदिन की बधाई व शुभकामनाएं दी।

**राजधानी रायपुर स्थित मां काली मंदिर में मुख्यमंत्री के दीर्घायु होने की कामना को लेकर हुआ हवन पूजन**

साथ ही उन्होंने साय के सदैव स्वस्थ, सुखी और दीर्घायु रहने की कामना की है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नेतृत्व में प्रदेश विकास की ओर अग्रसर कर रहा है। जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रदेश की जनता को मिलना शुरू हो गया है। जिसमें मुख्य रूप से महतारी वंदन योजना जिसमें महिलाओं को साल में 12 हजार रुपए मिलेंगे। प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत 18 लाख हितग्राहियों के आवास निर्माण को स्वीकृति दी गई है । इससे गरीब परिवारों के पक्के मकान का सपना पूरा होगा।

### सैकड़ों कार्यकर्ता के बीच में सीएम ने मनाया जन्मदिन

सौरभ मिश्रा, रवि गड़पाले, पीयूष शर्मा पहलाद रजक पुयांश श्रीवास्तव शिवम दीवान रीजुल पाण्डेय साहिल राजपूत आकाश शर्मा वासु साहू प्रहलाद रजक मनीष तिवारी बाबा शुक्ला राजेश मारकंडे अखिलेश मारकंडे दीपक मोटवानी योगेश वर्मा पप्पू आर कोमल देवांगन कमलेश वर्मा नीलेश वर्मा धनंजय लालू शर्मा हर्ष यादव मोहन ध्रुवप्रशांत शर्मा, नीलकंठ पटेल, मनोज पटेल, महेश्वर पटेल, बलराम पटेल, अनिल यादव, इंदल वर्मा, शशांक शुक्ला वैभव यादव, तिलक सिन्हा, मोनू तिवारी, दीपकफूल पगारे, मनोज सिन्हा, यशवंत टंडन आदि उपस्थित थे।

# धान उठाव की समस्या को लेकर सह. समिति कर्मचारी संघ ने जिला विपणन अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

जोहार छत्तीसगढ़-बलौदाबाजार।




जिले में धान खरीदी समय सीमा पर पूर्ण तो हो गया है परंतु उठाव को लेकर जिले की स्थिति बहुत धीमी नजर आ रही हैं जिसके चलते समिति प्रबंधकों में आर्थिक नुकसान होने की चिंता सताई जा रही मिली जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ प्रदेश के कई जिला ऐसे हैं जिसमें धन उठाव लगभग पूर्ण होने की स्थिति में है परंतु बलौदा बाजार जिले की बात करें तो धन उठाओ की स्थिति को लेकर सहकारी समिति कर्मचारी संघ के द्वारा कलाम बंद करने की चेतावनी दी है जिला अध्यक्ष मनीराम केवट ने बताया कि समर्थन मूल्य धान खरीदी खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में जिला बलौदाबाजार भाटापारा के 129 समितियों के 166 उपार्जन केंद्रों में 8721632.40 क्विंटल धान खरीदी हुआ है। जिसमें से धान परिवहन 6128717.80 क्विंटल हुआ है तथा 2592914.60 क्विंटल धान परिवहन हेतु शेष है। डीओ नहीं काटने व धान परिवहन नहीं होने के कारण अत्यधिक मात्रा में धान उपार्जन केंद्रों में धान भंडारित है। यह कि धान खरीदी नीति 2023.24 के कंडिका क्रमांक 17.4 में यह प्रावधान हैए कि खरीदी केन्द्र में धान की मात्रा बफर स्टाक की सीमा से ज्यादा होने पर 72 घंटे के भीतर शौध उठाव किया जावेगा। चूंकि धान उपार्जन केंद्रों में अत्यधिक मात्रा में धान जाम पड़ा हुआ है किंतु आज दिनांक तक धान उपार्जन केंद्रों में 2592914.60 क्विंटल धान परिवहन हेतु शेष है। जो एक माह से भी ज्यादा का समय हो गया है कई उपार्जन केंद्रों में नाममात्र खानापूर्ति के नाम पर डीओ कटा था। उसके परिवहन होने के पश्चात आज दिनांक तक धान परिवहन के लिए एक भी डीओ जारी नहीं किया गया है। जो कि समितियों के लिए चिंताजनक व हानिकारक है। यह कि धान खरीदी नीति 2023.24 के कंडिका क्रमांक 17.3 में यह प्रावधान है, कि धान के परिवहन हेतु निर्धारित परिवहनकर्ता द्वारा परिवहन न किये जाने पर आवश्यकतानुसार स्वीकृत परिवहन दर पर समिति द्वारा किसी भी परिवहनकर्ता से परिवहन का कार्य कराया जा सकता है। लेकिन उसके लिए समितियों में पर्याप्त डी.ओ. होना चाहिए। लेकिन आज दिनांक तक समिति में कोई भी परिवहन के लिए शेष डीओ नहीं है। जो वर्तमान में धान उपार्जन केंद्रों में शेष धान के उठाव के लिए इस कंडिका का पालन समिति स्तर पर संभव नहीं है। यह कि धान उपार्जन केंद्रों में शेष 2592914.60 क्विंटल धान स्टेको में भंडारित है है और सभी स्टेक त्रिपाल, कैपकव्हर से ढका हुआ है। समिति स्तर पर शेष धान के रख रखाव के लिए पर्याप्त केपकटहर, इनेज की लावस्था है। कितु धान उठाव हेतु कोई डी ओ अरी नहीं किया जा रहा है जिससे समितियों को डीजी जारी न होने व धान परिवहन न होने के कारण धान की सुरक्षा व्यवस्था या सूखत, बारदाना धूप से फटने जैसी बड़ी समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है जिससे समिति को आर्थिक क्षति होने की पूर्ण सभावना से इंकार नहीं किया जा सकता है। आपको विदित है की छत्तीसगढ़ शासन के द्वारा समर्थन मूल्य में धान खरीदी करने का दायित्व समितियों को सौंपा गया था। जिसे समितियाँ द्वारा कर्तव्यनिष्ठा के साथ निर्वहन कर लिया गया है। समितियों में अधिक दिनों तक धान स्टाक का भण्डारण रहने से समिति को सुखत, बारदाना फटने अतिरिक्त हमाली, चौकीदारी, बिजली बिलए असमायिक वर्षा से शति एवं चुड़े व कीटों से नुकसान हो रहा है। इसके लिए पूर्व में भी जिला संघ के पत्र के 01 के द्वारा 06 फरवरी 2024 को ज्ञापन पत्र के माध्यम से जिलाधीश महोदय जिला बलौदाबाजार भाटापारा एवं उपापंजीयक सहकारी संस्थाएं जिला खादय अधिकारी जिला विपणन अधिकारी नोडल अधिकारी जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक जिला बलौदाबाजार आप सभी की समस्या को निराकृत करने का निवेदन किया गया था लेकिन अभी तक समस्याओं का निराकरण नहीं किया गया है। जिससे समितियों के कर्मचारी आहत व दुखी है।

यदि अनुबंध के आधार पर नियत तिथि तक धान का सम्पूर्ण उठाय नहीं होने की स्थिति में जिला बलौदाबाजार भाटापारा के समितियों को होने वाली क्षति हेतु समस्त जवाबदारी विपणन संघ की होगी।

उपरोक्त समस्याओं का तीन दिवस के भीतर निराकरण नहीं होने पर जिला बलौदाबाजार भाटापारा के समस्त समिति कर्मचारी कलमबंद हडताल के लिए बाध्य होंगे जिसकी समस्त जवाबदारी विपणन संघ एवं शासन प्रशासन की होगी।

> " * जल्द से जल्द धान उठाओ इस पर हमारी नजर बनी रहती हैं शासन के कार्य योजना के अनुरूप धान उठाओ होता है।
>
> जिला विपणन अधिकारी,बलौदाबाजार भाटापारा

# मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के जन्मदिन पर खरोरा युवा मोर्चा ने किया विशाल रक्तदान

52 यूनिट रक्तदान किए युवा मोर्चा के कार्यकर्तागण



जोहार छत्तीसगढ़-रायपुर।

धरसिवा विधानसभा के अन्तर्गत ख़रोरा मण्डल में विधायक भवन में भाजपा युवा मोर्चा रायपुर ग्रामीण के अहवान पर छत्तीसगढ़ राज्य के यशस्वी मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के जन्मदिन के अवसर पर विशाल रक्तदान का आयोजन रखा गया जिसमें युवा मोर्चा के धरसीवा विधानसभा के अन्तर्गत धरसिवा, विधानसभा, और खरोरा मंडल के युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओ ने 52 यूनिट रक्तदान कर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के दीर्घायु होने की कामना की जिसमें प्रमुख रूप रक्तदान देने वाले कार्यकर्ता निहाल देवांगन,अनिल निषाद, नीरज देवांगन, तुषार गुप्ता,विवेक।

वर्मा,मनीष साहू,विमल पाल,भरत तिवारी,विधानसभा अध्यक्ष हनुमंत अडील, जलेश्वर वर्मा, रामेश्वर साहू,लुकेश साहू, शिवा यादव ने रक्तदान कर सभी ने मुख्यमंत्री की दीर्घायु होने की कामना किए,साथ ही प्रमुख रूप से उपस्थित रहे भाजपा युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष फानेद्र वर्मा, कार्यक्रम प्रभारी सुनील शर्मा,जिला मंत्री आयुष वर्मा, कार्यक्रम सहप्रभारी सुमित सेन, युवा मोर्चा अध्यक्ष खरोरा मुकेश वर्मा,महामंत्री चंद्रकांत वर्मा, नोबेल देवांगन, नूतन बंछोर इत्यादि बड़ी संख्या में भाजपा युवा मोर्चा के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# हिट एंड रन स्कीम एवं जिला जेल के इंफ्रास्ट्रक्चर विस्तारण के संबंध में जिला न्यायाधीश ने ली बैठक



जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।

उच्चतम न्यायालय के रिट पिटिशन सिविल रि-इनह्यूमन कंडिशंस इन 1382 प्रिजन्स में पारित आदेश के परिपालन में गठित समिति द्वारा जिला एवं सत्र न्यायाधीश,अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कक्ष में प्रथम बैठक आयोजित की गयी। उक्त बैठक में समिति द्वारा जिला बेमेतरा स्थित जिला जेल बेमेतरा की वर्तमान कैदी क्षमता, भविष्य की मांगों के आधार पर जिला में नया जेल स्थापित करने के लिए भूमि अधिग्रहण, लंचित परियोजना सहित अन्य जरूरतों की समीक्षा की गयी। समिति द्वारा जिला जेल बेमेतरा के इंफास्ट्रक्चर विस्तारण एवं वहां उपलब्ध बंदियों के लिए मूलभूत सुविधाओं एवं आवश्यक्ताओं की पूर्ति पर विचार किया गया। बृजेन्द्र कुमार शास्त्री, अध्यक्षध्जिला न्यायाधीश जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जसविंदर कौर अजमानी मलिक, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बेमेतरा, रामकृष्ण साहू पुलिस अधीक्षक बेमेतरा,लीना मण्डावी सीईओ जिला पंचायत बेमेतरा, अनिल बाजपेयी एडीएम बेमेतरा, एवं दिनेश चंद्र ध्रुव, सहायक जेल अधीक्षक, जिला जेल बेमेतरा द्वारा वर्तमान जिला जेल बेमेतरा एवं प्रस्तावित ओपन जेल बेमेतरा के समस्त उपलब्ध संसाधनों एवं इंफास्ट्रक्चर पर चर्चा की गयी। इसके अतिरिक्त द कंपनसेशन टू विक्टिम्स ऑफहिट एंड रन मोटर एक्सीटेंडस, स्कीम 2022 के अनुसार गठित कमेटी द्वारा मोटर एक्सीटेंड दुर्घटना के प्रकरण में आहत पक्षकार को क्षतिपूर्ति हेतु प्राप्त विशेष प्रावधान के संबंध में उन्हें उचित विधिक सहायता प्रदान करने, थाना प्रभारियों के ऐसे मोटर दु टिना प्रकरणों में कर्तव्यों के संबंध में तथा क्लेम इंक्वायरी आफिसर द्वारा आहत पक्षकार को सक्षम क्षेत्राधिकार के क्लेम दिब्यूनल में क्षतिपूर्ति हेतु आवेदन पेश करने सहायता प्रदान करने के विषय पर चर्चा की गयी। उक्त बैठक में क्लेम इंक्वायरी ऑफिसर प्रभारी के रूप में परमानंद बंजारे, तहसीलदार बेमेतरा, राजेश कुमार झा, उप पुलिस अधीक्षक बेमेतरा उपस्थित थे।


## एक नजर

### विधायक रामकुमार टोप्पो ने छत्तीसगढ़ के विधान सभा सदन में उठाया सवाल

जोहार छत्तीसगढ़-सीतापुर।




सीतापुर विधायक रामकुमार टोप्पो ने सदन में अपने विधानसभा क्षेत्र सीतापुर में विभागों द्वारा होने वाले निर्माण कार्यों में हो रही देरी को लेकर सवाल खड़ा किया।




उन्होंने सीधे सभापति से सवाल पूछते हुए कहा कि सीतापुर विधान सभा के अंतर्गत लोक निर्माण विभाग द्वारा वित्त वर्ष 2021-22और 22-23 एवम 23-24 में नये भवन निर्माण की जानकारी मांगी थी। जिसमे जानकारी उपलब्ध हुई है कि शासकीय नवीन महा विद्यालय कमलेश्वरपुर जो 03 अगस्त 2022 में स्वीकृत हुई थी। लेकिन आज तक निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ है इसकी जानकारी चाहूंगा। की किस करण स्वीकृति के इतने दिन बाद तक उसे चालू नहीं किया गया है जिस पर संबंधित विभाग के मंत्री अरुण साव ने जवाब देते हुए कहा इस महा विद्यालय के निर्माण के लिए उच्च शिक्षा विभाग द्वारा मंजूरी प्रदान की गई थी। उच्च शिक्षा विभाग नाबार्ड से लोन लेने की प्रक्रिया में है, और उन्होंने डिपॉजिट मद होने के कारण अब निविदा की सहमति दी है, अब जल्दी ही इस काम के लिए हम निविदा करेंगे। विधायक रामकुमार टोप्पो ने काम चालू करने के लिए समय निर्धारण की बात भी कही जिस पर मंत्री अरुण साव ने कहा यह प्रक्रियाधीन है आगे निविदा होने के बाद आगे की प्रक्रिया होगी, विधायक रामकुमार टोप्पो ने कहा की इस महा विद्यालय के निर्माण स्थल को लेकर लोगो में खींच तान हो रही है,सब अपने क्षेत्र में खुलवाना चाहते हैं, कमलेश्वरपुर वाले अपने यहां बनवाना चाहते हैं और नर्मदापुर वाले अपने क्षेत्र में,जिस पर मंत्री अरुण साव ने कहा जहा पर यह प्रस्तावित स्थल है, वहा सोच विचार कर किया गया है निर्माण वही पर होगा। एक सवाल और सदन में उठाते हुए उन्होंने कहा कि सीतापुर के महा विद्यालय में ऑडिटोरियम निर्माण होना है, वह अभी तक चालू नहीं हुआ है वह कब तक होगा,जिस पर मंत्री अरुण साव ने कहा निर्माण कार्य स्वीकृत हुआ है सन 23-24 में निविदा प्रक्रिया पर है वित्त विभाग से स्वीकृति अपेक्षित है वित्त विभाग से स्वीकृति मिलते ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### ग्राम खोडरी के स्कूल में शिक्षक के समय पर नहीं आने की शिकायत

**कोरबा ।** जिले में सरकारी विद्यालय के शिक्षकों पर मनमानी करने का आरोप गाहे बगाहे लगता रहता हैं। आरोप लगाते हुए कहा जाता हैं की शिक्षक अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन सही ढंग से नहीं कर रहे हैं, जिससे बच्चों का भविष्य दांव पर लग गया है। कटघोरा ब्लॉक के ग्राम पंचायत खोडरी के प्राथमिक विद्यालय में भी यही हाल हैं। आरोप लगाते हुए बताया जा रहा हैं की यहां पदस्थ प्रधान पाठक सप्ताह में केवल चार दिन ही विद्यालय आते हैं और आधे समय के बाद चले जाते हैं, जिससे विद्यालय की व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है। जानकारी के अनुसार कोरबा जिले में कटघोरा विकासखंड के ग्राम पंचायत खोडरी में संचालित शासकीय प्राथमिक विद्यालय की दशा काफी बिगड़ गई है। विद्यालय के प्रधानपाठक विद्यालय के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को भूल गए है। सप्ताह में केवल चार दिन ही उनके दर्शन होते हैं और वो आधे समय के लिए जिसके बाद वो कहां जाते हैं, किसी को कुछ पता नहीं है। आरोप लगाते हुए बताया जा रहा हैं की प्रधानपाठक के द्वारा उनके कारनामों पर अधिकारियों की नजर ना पड़े इसके लिए हाजिरी रजिस्टर में वो फर्जी हस्ताक्षर कर देते हैं और तिथि भी नहीं दर्शाते। बहरहाल इस दिशा में अधिकारियों को ध्यान देने की जरुरत है ताकी बच्चों का भविष्य बर्बाद होने से बच सके।

# पांचवी कक्षा के विद्यार्थियों को कराया शैक्षणिक भ्रमण

जोहार छत्तीसगढ़-बलौदाबाजार।





आदर्श शासकीय प्राथमिक शाला धाराशिव के कक्षा पांचवी के विद्यार्थीयों को प्रकृति की संरक्षण एवं पर्यावरण संवर्धन के लिए जागरूक करने के उद्देश्य से अवकाश के दौरान स्थानीय वन क्षेत्र मे शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। इस मौके पर प्रधान पाठक बी आर बघमार ने बच्चों को पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई। साथ ही बताया कि हमारे चारों तरफ प्राकृतिक आवरण या परिवेश है उसी को पर्यावरण कहते है । जो भी प्रकृति प्रदत्त चीजें हमारे चारों ओर मौजूद हैं, जैसे वायु, जल, मृदा, वनस्पतियां, जीव-जंतु आदि सभी पर्यावरण के घटक हैं। इनसे मिलकर पर्यावरण की रचना होती है। पर्यावरण की ही वृहत्तर अवधारणा को पारिस्थितिकी की संज्ञा दी जाती है। इससे जीव-जंतु और उनके आसपास के वातावरण में संपूर्ण जैविक और अजैविक संघटकों के अध्ययन का बोध होता है। अतः प्रकृति को नष्ट करके नहीं बल्कि उसे सुरक्षित रखकर जीवन जीना हमारा दायित्व है। शिक्षक रामपाल ध्रुव ने बच्चों का ज्ञानवर्धन करते हुए बताया की सभी प्राकृतिक चीजें जो पृथ्वी पर जीवन संभव बनाती है,पर्यावरण के अंतर्गत आता है। जैसे जल, वायु, सूर्य के प्रकाश,भूमि, अग्नि, वन, पशु, पौधे आदि। ऐसा माना जाता है कि केवल पृथ्वी ही पूरी ब्रह्माण्ड में एक मात्र ऐसा ग्रह है, जहां हम जीवन का अनुमान लगा सकते। इसलिए हमें भविष्य में जीवन की संभावना सुनिश्चित करने के लिए अपने पर्यावरण को स्वस्थ और सुरक्षित रखना चाहिए। यह पृथ्वी पर रहने वाले प्रत्येक व्यक्ति की जिम्मेदारी है। इसलिए हर किसी को आगे आना चाहिए और पर्यावरण की सुरक्षा करना चाहिए। अंत मे संकुल समन्यवक शिवलाल पैंकरा ने बच्चों को भ्रमण के दौरान बताया कि ये सभी प्राकृतिक संसाधन प्रकृति की देन है और मनुष्य के सच्चे मित्र हैं। प्राकृतिक संतुलन को बनाये रखने में इन सबका महत्वपूर्ण योगदान है। यदि इन सबका आवश्यकता से अधिक दोहन किया जाएगा तो वो दिन दूर नहीं जब मानव कल्याण के बारे में सोचना दूभर होगा। उन्होंने बच्चों को वनों के बारे में बताते हुए कहा कि हमें हमारी जरूरतों को पूरा करने के लिए वनों पर निर्भर रहना पड़ता है। लेकिन मनुष्य निजी स्वार्थ के लिए इनकी अंधाधुंध कटाई कर रहा है। यही एक दिन मनुष्य के विनाश का कारण बनेगा। इनकी लगातार कटाई के कारण गर्मी बढ़ती जा रही है और पर्यावरण प्रदूषण दिनों-दिन बढ़ रहा है। यदि जन संख्या वृद्धि के साथ.साथ वन क्षेत्र को भी बढ़ाया जाए तो यह मानव कल्याण के लिए सराहनीय कदम होगा। इस दौरान संकुल समन्यवयक् शिवलाल पैंकरा, प्रधान पाठक बी आर बघमार, रामपाल ध्रुव, राजकुमार साहू, नरेंद्र बघेल, दुलारी वर्मा, सुनीता ध्रुव,देव सिंह ध्रुव, सनत कुमार गौर सहित पांचवी कक्षा के सभी छात्र-छात्राएं उपस्थित रहें।

# जन्म मृत्यु रजिस्ट्रीकरण के लिए सचिवों की विशेष कार्यशाला

जोहार छत्तीसगढ़-बलौदाबाजार।




आर्थिक एवं सांख्यिकी संरचनालय ब्लॉक टू इंद्रावती भवन नवा रायपुर अटल नगर छत्तीसगढ़ द्वारा जारी दिशा निर्देशानुसार सांख्यिकी विभाग द्वारा जन्म मृत्यु पंजीयन रजिस्ट्रीकरण को और सरलीकरण करने के उद्देश्य से विगत दिनों जनपद पंचायत बलौदाबाजार के सभी 106 ग्राम पंचायत के सचिवों जो अभी वर्तमान में मुख्य रजिस्टार के पद पर कार्य कर रहे हैं विशेष कार्यशाला का आयोजन किया और जन्म मृत्यु रजिस्ट्रीकरण से संबंधित आवश्यक दिशा निर्देश दिए जनपद पंचायत द्वारा जानकारी दिया गया कि बलौदा बाजार जिला सहायक सांख्यिकी अधिकारी लक्ष्मी मांडवी द्वारा जनपद पंचायत बलोदा बाजार के सभी 106 ग्राम पंचायत के सचिवों की विशेष कार्यशाला आयोजन कर जन्म मृत्यु पंजीयन एवं रजिस्ट्रीकरण से संबंधित विशेष जानकारी प्रस्तुत किया गया एवं सचिवों को प्रशिक्षित किया गया अभी वर्तमान में शासन द्वारा ग्राम पंचायत में वर्ष 2008 से पंचायत सचिवों को रजिस्टर का दर्जा दिया जाकर जन्म एवं मृत्यु का पंजीकरण अधिकारी नियुक्त किया गया है सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी लक्ष्मी मांडवी द्वारा सचिवों को प्रशिक्षित करते हुए कहा कि नवजात शिशु का प्रथम पहचान जन्म प्रमाण पत्र से किया जाता है जिसका नवजात शिशु का जन्म लेते ही 21 दिवस के भीतर संबंधित जन्म स्थान पर परिवार द्वारा आवश्यक रूप से नवजात शिशु का पंजीकरण निःशुल्क रूप से करावे यह नवजात शिशु का प्रथम अधिकार होता है जन्म प्रमाण पत्र के लिए अभी शासन द्वारा यह निर्देश जारी किया गया है कि नवजात शिशु जिस स्थान पर जन्म लेता है उसका पंजीकरण उसी स्थान पर होगा चाहे वह कोई भी शासकीय अस्पताल या कहीं भी ग्राम पंचायत क्षेत्र में हो सभी प्रकार के पंजीकरण संबंधित रजिस्टर द्वारा निशुल्क किया जाना अनिवार्य है यदि संबंधित परिवार द्वारा 21 दिवस के भीतर पंजीकरण नहीं कराया जाता है उसके लिए विलंबित पंजीयन की व्यवस्थाएं शासन द्वारा की गई है जिसमें 21 दिवस के पश्चात 30 दिवस के भीतर पंजीकरण कराए जाने पर निर्धारित शुल्क का भुगतान कर संबंधित रजिस्टर से प्रमाण पत्र प्राप्त किया जा सकता है 30 दिवस के पश्चात व 1 वर्ष के भीतर आवेदन पत्र के साथ आवश्यक दस्तावेज रजिस्टर जन्म मृत्यु के समक्ष जमा करने पर प्राधिकृत अधिकारी की लिखित अनुज्ञा पश्चात निर्धारित शुल्क का भुगतान कर संबंधित रजिस्टर जन्म मृत्यु से प्रमाण पत्र प्राप्त किया जा सकता है उसके बाद भी यदि 1 वर्ष तक कोई भी परिवार द्वारा नवजात शिशु का पंजीकरण कर नहीं कराया जा सकता उसके लिए नजदीक के माननीय न्यायालय तहसीलदार या अनुभागीय अधिकारी राजस्व जो रजिस्टर प्रथम श्रेणी मजिस्ट्रेट या कार्यपालिक मजिस्ट्रेट के आदेश पर संबंधित रजिस्टर से प्रमाण पत्र प्राप्त किया जा सकता है आज के इस जन्म मृत्यु से संबंधित विशेष कार्यशाला में सभी 106 ग्राम पंचायत के सचिव उपस्थित थे।

# कौशल्या साय का नगर में भव्य स्वागत

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।





छत्तीसगढ़ के संवेदनशील मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की धर्मपत्नी कौशल्या साय का धरमजयगढ़ की पावन भूमि पर गरिमामय ढंग से हार्दिक इस्तकबाल किया गया। आगत का स्वागत भारतीय परंपरा रही है उसी भारतीय संस्कृति का निर्वाह करते हुए धरमजयगढ़ के भाजपा कार्यकताओं व जनसमुदाय ने मामी मां को सर आंखों पर बैठा लिया, सबसे पहले नगर के ह्रदय स्थल बस स्टैण्ड में विशाल इन्दु जेठवानी द्वारा संचालित नारायण स्पोर्टस का उद्घाटन सीएम के करकमलो से सम्पन्न हुआ। उपरांत जेठवानी परिवार को फलने फुलने का आशीर्वाद साय ने प्रदान किया उपरांत बेहरापारा दीपनगर मैदान में बारह दिन से आयोजित श्रीराम किकेट कप का समापन कार्यकम में पहुंची साय का मण्डल अध्यक्ष गोकुल यादव के कुशल नेतृत्व में जोरदार स्वागत किया गया, कार्यकम आरंभ होने के पूर्व साय का भाजपा कार्यकर्ताओं अधिकारियों महिला मोर्चा की बहनों ने फूल मालाओं से लाद दिया कार्यकम में विलंब से पहुंचने का कारण बताते हुए कहा वे किसी को निराश नहीं कर सकते जनता कार्यकर्ताओं की आशा उम्मीदें रहती है सबसे मिलना जुलना पड़ता है इस कारण कार्यकम में विलम्ब हो ही जाता है। कार्यकर्ताओं की बदौलत ही पार्टी मजबूत होती है। उपरांत शाहपुर कालोनी सत्संग मंदिर में कौशल्या साय शामिल हुई वहां पूजा अर्चना कर माताओं बहनों के साथ सारे कार्यकमों में शामिल हो कर कृष्ण भगवान की स्तुति कर बहनों के साथ भावभीना नृत्य भी किया। जिसकी जबरदस्त तारीफ हो रही है।

देर रात साय गृह ग्राम की ओर रवाना हुई सारे कार्यकम में हरिशचन्द्र राठिया, तारासिंह, किशोर राठिया, नीलमणी पटेल, श्याम साहू, भरत साहू, विजय अग्रवाल, इन्दुजेठवानी, गोविन्द महंत, टार्जन भारती, मनोज शर्मा, विजय यादव, शिवहरी जिंदल, मोहनी महस्के, हेमेश्वरी बेहरा, राशि बाई, वीणा आशीष विश्वास, सतीश जेठवानी, शिशुपाल गुप्ता, नीलाम्बर यादव, सौरभ सिंह, शशि पटेल, विनोदनी, भावना सावरकर, किशोर राठिया, शिल्पा भारती, सुमित्रा चौहान, अधिकारी जनता महिला मोर्चा सहित सभी वर्ग के उपस्थिति दर्ज करायी उल्लेखनीय है श्रीराम कप के विजेता ग्राम इला बना एवं रायगढ़ ब्लास्टर उपविजेता बना विजेता टीम को 1 लाख रूपयें व विजेता ट्राफी एवं उप विजेता टीम को 51 हजार रूपये व उप विजेता ट्राफी प्रदान की गई। मोनु वर्मा सोनू ठाकुर, मनोज कुजूर, किशोर राठिया, पुष्पेन्द्र सिदार, संतकुमार चौहान, जावेद शेख, स्वादीप सैयद सभी खेल प्रेमी।

# चुनावी बॉन्ड्स :भाजपा को करारा झटका, लोकतंत्र हुआ मजबूत



आपकी बात
संजीव वर्मा

उच्चतम न्यायालय ने पिछले हफ्ते एक ऐतिहासिक फैसले में राजनीति के वित्तपोषण के लिए लाई गई चुनावी बॉन्ड योजना को रद्द कर दिया। इससे सबसे करारा झटका सत्तारूढ़ भाजपा को लगा है। क्योंकि इलेक्टोरल बॉन्ड से सबसे ज्यादा चंदा उसे ही मिला है। अदालत ने कहा है कि 12 अप्रैल से अब तक की चुनावी बॉन्ड्स किन-किन लोगों ने खरीदे और कितनी रकम लगाई है उसकी जानकारी पहले स्टेट बैंक की ओर से चुनाव आयोग को दी जाएगी। फिर आयोग की ओर से जनता को यह जानकारी मिलेगी। निश्चित रूप से अदालत का यह फैसला न केवल ऐतिहासिक और महत्वपूर्ण है बल्कि चुनाव सुधारों की दिशा में भी अहम कदम है। पिछले 6 सालों में इस योजना के जरिए विभिन्न दलों को 16 हजार करोड़ रूपए से अधिक की राशि मिली है। लेकिन यह राशि कहां से मिली है और किसे मिली, इसकी जानकारी पार्टी के अलावा किसी को नहीं है। दरअसल चुनावी बॉन्ड वित्तीय तरीका है, जिसके माध्यम से राजनीतिक दलों को चंदा दिया जाता है। इसकी व्यवस्था नोटबंदी के बाद 2017-18 में तत्कालीन वित्तमंत्री अरूण जेटली ने केन्द्रीय बजट में की थी। इसके लिए रिजर्व बैंक, आयकर, कंपनी, जनप्रतिनिधित्व और विदेशी चंदों से जुड़े कई कानूनों में बदलाव भी किए गए थे। चुनावी बॉन्ड के तहत एक वचन पत्र जारी किया जाता है। जिसके धारक को राशि देने का वादा होता है। इसमें बॉन्ड के खरीदार या भुगतानकर्ता का नाम नहीं होता, स्वामित्व की कोई जानकारी दर्ज नहीं की जाती। इसमें धारक यानी राजनीतिक दल को इसका मालिक माना जाता था। चुनावी बॉन्ड को भारत का कोई भी नागरिक, कंपनी या संस्था खरीद सकती थी। ये बॉन्ड 1 हजार, 10 हजार, 1 लाख और 1 करोड़ के हो सकते थे। हालांकि इन्हें प्राप्त केवल राजनीतिक दल ही करते थे, जो लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 29, के तहत रजिस्टर्ड हैं और जिन्हें पिछले लोकसभा या राज्य विधानसभा के चुनाव में एक प्रतिशत से अधिक वोट मिले हो। इन बॉन्ड को स्टेट बैंक आफ इंडिया की 29 शाखाओं से खरीदा जा सकता था। अब जबकि सुप्रीम कोर्ट का फैसला आ गया है तो राजनीतिक दलों में खलबली मचना स्वाभाविक है। हालांकि भाजपा सहित सभी दल फैसले का सम्मान करने की बात कह रहे हैं, लेकिन यह सच है कि भाजपा अंदर से हिल गई है। चुनाव आयोग और एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफार्म्स एडीआर में उपलब्ध डाटा के अनुसार चुनावी बॉन्ड से सबसे ज्यादा 55 प्रतिशत हिस्सा अकेले भाजपा को मिला है, जो 6565 करोड़ रूपए होता है। एक अनुमान के अनुसार पिछले लोकसभा चुनाव में लगभग 60 हजार करोड़ रूपए खर्च हुए थे। नियमों की धज्जियां उड़ाकर प्रत्याशी कालेधन का चुनावों में इस्तेमाल करते हैं। इसके अलावा सभी पार्टियों को कानूनी और गैर कानूनी तरीके से चंदा मिलता है। सरकार की तरफ से चुनाव सुधार और चंदे को लेकर समितियां भी बनी। उसमें सुझाव भी आए लेकिन सभी दरकिनार कर दिए गए। समितियों ने अपनी रिपोर्ट में कहा भी है कि नेताए अपराधी और कॉरपोरेट्स की मिलीभगत लोकतंत्र के लिए बड़ा खतरा है। लेकिन सरकारें इससे आंखें मूंदी रही। आज भी नेताओं के संरक्षण में खनन, रियल स्टेट और नौकरी में माफिया सक्रिय है। दिवालियां कानून की आड़ में अनेक कंपनियां सरकारी बैंकों का पैसा हजम कर रही है। ऐसी कंपनियों को चुनावी बॉन्ड की आड़ में फंडिंग की इजाजत देना देश के खजाने की लूट ही मानी जाएगी। बहरहाल, विपक्ष में रहकर सभी पार्टियां चुनावी सुधार की बात करती है। लेकिन सरकार बनाने की होड़ में कालेधन के जरिए शुचिता के संकल्प को तिलांजलि दे देती है। यह लोकतंत्र के लिए अच्छा संकेत नहीं है। उम्मीद की जानी चाहिए कि अदालत के फैसले से न केवल चुनावों में कालाधन पर अंकुश लगेगा बल्कि राजनीतिक व्यवस्था को पारदर्शी बनाने में भी मदद मिलेगी। राजनीतिक दलों को चाहिए कि वे पारदर्शी फंडिंग पर अमल करें। इससे पार्टी कार्यकर्ताओं का भी मान-सम्मान बढ़ेगा। इस फैसले से न्यायपालिका का रसूख तो दिखा ही है, लोकतंत्र का मान भी बढ़ा है।

# प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला डुगरूपारा में न्यौता भोजन का आयोजन

## जनप्रतिनिधियों ने बच्चों के साथ जमीन में बैठकर किया भोजन

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।



केंद्र सरकार द्वारा शुरू की गई तिथि भोजन कार्यक्रम को छत्तीसगढ़ में न्यौता भोजन का नाम दिया गया है। जिसके तहत विकासखंड धरमजयगढ़ अंतर्गत प्राथमिक शाला एवं माध्यमिक शाला, माध्यमिक शाला अंग्रेजी माध्यम डुगरूपारा में न्यौता भोजन का आयोजन किया गया। जिसमें शहीद हुसैन, ददन कुमार कौशिक एवं महेश कुमार चैनानी द्वारा भोजन सामग्री एवं बिस्किट, मिक्चर, फल की व्यवस्था की गई थी। कार्यक्रम के बारे में बताते हुए पूर्व सांसद प्रतिनिधि भरतलाल साहू ने कहा कि मोदी सरकार द्वारा बहुत अच्छी पहल की गई है, जिसमें बच्चों को पोषण आहार मिलने के साथ-साथ आपसी भेदभाव मिटेगा। जनप्रतिनिधि, समाजसेवी, दानदाता कोई भी व्यक्ति अपने आस पास के स्कूली बच्चों को पूर्ण भोजन या पूरक भोजन दे सकता है। ऐसे में लोग जन्मदिन, सालगिरह या अन्य यादगार पलों में बच्चों के साथ भोजन करना चाहेगा। साहू ने शिक्षकों एवं जनप्रतिनिधियों से इसे प्रचार-प्रसार करने की अपील की।



नगर पंचायत पूर्व अध्यक्ष महेश कुमार चैनानी, पार्षद विजय यादव एवं भाजपा नेता इंदु जेठवानी ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर नगर पंचायत उपाध्यक्ष टारजन भारती, जिला मंत्री पिछड़ा वर्ग मोर्चा गोविंद दास महंत, अविनाश एक्का, बीईओ रविशंकर सारथी, सीएससी मिहिर विश्वास, स्कूल के प्राचार्य,शिक्षकगण सहित आसपास के गणमान्य जन उपस्थित रहे। सभी ने बच्चों के साथ बैठकर भोजन ग्रहण किया।

# विद्युत खंभे से टकराकर युवक की मौत

**कोरबा ।** जिले के लेमरू थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम अरेतरा निवासी एक युवक बिजली के खंभे से टकराने से गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे तुरंत मेडिकल कॉलेज कोरबा में दाखिल कराया गया। जहां डॉक्टरों ने परीक्षण उपरांत मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार ग्राम अरेतरा निवासी पंकज कुमार राठिया उम्र लगभग 17 वर्ष जो अपने घर अरेतरा से एक परिचित को छोड़ने लेमरू साप्ताहिक बाजार गया था, जहां शाम को उसे छोडकर वापस अपने घर लौट रहा था कि रास्ते में अचानक सड़क किनारे एक बिजली के खंभे से जा टकराया, जहां पंकज राठिया अचेत अवस्था में गिर गया। जिसे उपचार के के लिए मेडिकल कॉलेज कोरबा में दाखिल कराया गया था। बहरहाल पुलिस पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# कलेक्टर चौहान ने ली जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की प्रथम बैठक




जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़ बिलाईगढ़।

कलेक्टर एवं जिला जल एवं स्वच्छता मिशन अध्यक्ष केएल चौहान ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिला जल एवं स्वच्छता मिशन का प्रथम बैठक लिया। बैठक की शुरूआत में पीएचई प्रभारी अधिकारी कमल कंवर ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2023-24 में जल जीवन मिशन की अद्यतन प्रगति की जानकारी देते हुए बताया कि समस्त ग्रामीण परिवारों को कार्यरत घरेलू नल कनेक्शन एफएचटीसी, के माध्यम से 55 लीटर प्रति व्यक्ति प्रतिदिन के मापदंड से पेयजल उपलब्ध कराया जाना है। बैठक में सोलर आधारित नलजल प्रदाय योजना, नलकूप रेट्रोफिटिंग, एकल ग्राम नलजल प्रदाय योजना, महानदी सतही स्त्रोत पर आधारित नलजल प्रदाय योजना, अनुबंधित ठेकेदारों का अतिरिक्त समय अवधि स्वीकृति, उचित दर पर निविदाओं की स्वीकृति एवं अनुमोदन आदि के संबंध में चर्चा कर निर्णय लिया गया। इस अवसर पर वन, स्कूल शिक्षा, कृषि, स्वास्थ्य, जनसंपर्क और महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।



# क्या गरीब के खून पसीने की कमाई लूटकर हो रहा सड़क निर्माण कार्य

## विनायक कंस्ट्रक्शन कंपनी क्यों नहीं दे रही गरीब के मेहनत का पैसा

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।

खरसिया से पत्थलगांव तक सड़क निर्माण का लगभग 200 करोड़ रूपये का कार्य श्रीजी इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड कंपनी को मिला हैं जो विनायक कंस्ट्रक्शन कंपनी द्वारा निर्माण कार्य करवा रही है। जबसे सड़क निर्माण का कार्य प्रारंभ हुआ हैं तब से हर दिन कुछ ना कुछ खबरे आती रहती हैं।



सड़क निर्माण में चलने वाली गाड़ियों को मरम्मत कार्य कि जरूरत पड़ते रहती हैं जिसके सबसे ज्यादा टायर सम्बंधित मरम्मत कार्य होते हैं इसके लिए सड़क निर्माण कर रही कंपनी के कर्मचारी राहुल द्वारा खरसिया से एडू के बीच स्थित टायर दूकान से सभी कंपनी के गाड़ियों का टायर सम्बंधित कार्य करने को कहा गया जिसके बाद कई महीने बीत जाने के बाद टायर दूकान मालिक द्वारा जब अपने पैसे कि मांग कि गयी तब उसके मेहनत के पैसे देने में आनाकानी कर रही विनायक कंस्ट्रक्शन कंपनी। जिसके बाद उसने जोहार छत्तीसगढ़ के संवाददाता को बताया कि वह खरसिया के चौड़ा चौक में अपने टायर दूकान का संचालन करता हैं उसका नाम मुहम्मद मुमताज है पिछले साल उसके पास कंपनी का कर्मचारी राहुल पहुंचा जिसने उसे कंपनी कि गाड़ियों का पंचर का काम करने को कहा और भरोसा दिलवाया कि महीने-महीने उसकी सारी राशि का भुगतान कर देगा। जिसके बाद कर्मचारी राहुल हिसाब करके बिल ले गया और कहा कि पैसे भेज रहा हूं जिसके बाद कुल राशि लगभग 55400 में 20000 रूपये देकर बाकी के 35400 रूपये बाद में देने कि बात कही। जिसके बाद दुकान मालिक द्वारा पैसे मांगने पर उसके द्वारा गोल मटोल बाते कि गयी साथ ही कहा गया कि कंपनी के दूसरे अधिकारी को फोन करो। यह कहकर उसने फोन उठाना बंद कर दिया। जिसके बाद दुकान मालिक द्वारा राहुल को संपर्क करने पर आज दूंगा कल दूंगा कहा जा रहा और साथ ही कंपनी के कर्मचारी अरुण तिवारी से बात करने को कह दिया फिर दुकान मालिक द्वारा अरुण तिवारी को फोन किया गया पर कोई जवाब नहीं आया साथ ही फोन नंबर को ब्लॉक लिस्ट में डाल दिया गया। जिसके बाद गरीब दुकान मालिक द्वारा अपनी आपबीती सुनाते हुए कहा गया कि 4-5 महीनों से उसे अपनी मेहनत की पैसे के लिए दर-दर की ठोकर खाने को मजबूर किया जा रहा अगर उसके पैसे नहीं मिले तो वह रायगढ़ जाकर मंत्री ओपी चौधरी से विनायक कंस्ट्रक्शन कंपनी की शिकायत करेगा।

# पांचवी कक्षा के विद्यार्थियों को कराया शैक्षणिक भ्रमण

जोहार छत्तीसगढ़-बलौदाबाजार।






आदर्श शासकीय प्राथमिक शाला धाराशिव के कक्षा पांचवी के विद्यार्थीयों को प्रकृति की संरक्षण एवं पर्यावरण संवर्धन के लिए जागरूक करने के उद्देश्य से अवकाश के दौरान स्थानीय वन क्षेत्र मे शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। इस मौके पर प्रधान पाठक बी आर बघमार ने बच्चों को पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई। साथ ही बताया कि हमारे चारों तरफ प्राकृतिक आवरण या परिवेश है उसी को पर्यावरण कहते है । जो भी प्रकृति प्रदत्त चीजें हमारे चारों ओर मौजूद हैं, जैसे वायु, जल, मृदा, वनस्पतियां, जीव-जंतु आदि सभी पर्यावरण के घटक हैं। इनसे मिलकर पर्यावरण की रचना होती है। पर्यावरण की ही वृहत्तर अवधारणा को पारिस्थितिकी की संज्ञा दी जाती है। इससे जीव-जंतु और उनके आसपास के वातावरण में संपूर्ण जैविक और अजैविक संघटकों के अध्ययन का बोध होता है। अत: प्रकृति को नष्ट करके नहीं बल्कि उसे सुरक्षित रखकर जीवन जीना हमारा दायित्व है। शिक्षक रामपाल ध्रुव ने बच्चों का ज्ञानवर्धन करते हुए बताया की सभी प्राकृतिक चीजें जो पृथ्वी पर जीवन संभव बनाती है,पर्यावरण के अंतर्गत आता है। जैसे जल, वायु, सूर्य के प्रकाश,भूमि, अग्नि, वन, पशु, पौधे आदि। ऐसा माना जाता है कि केवल पृथ्वी ही पूरी ब्रह्माण्ड में एक मात्र ऐसा ग्रह है, जहां हम जीवन का अनुमान लगा सकते। इसलिए हमें भविष्य में जीवन की संभावना सुनिश्चित करने के लिए अपने पर्यावरण को स्वस्थ और सुरक्षित रखना चाहिए। यह पृथ्वी पर रहने वाले प्रत्येक व्यक्ति की जिम्मेदारी है। इसलिए हर किसी को आगे आना चाहिए और पर्यावरण की सुरक्षा करना चाहिए। अंत मे संकुल समन्यवक शिवलाल पैंकरा ने बच्चों को भ्रमण के दौरान बताया कि ये सभी प्राकृतिक संसाधन प्रकृति की देन है और मनुष्य के सच्चे मित्र हैं। प्राकृतिक संतुलन को बनाये रखने में इन सबका महत्वपूर्ण योगदान है। यदि इन सबका आवश्यकता से अधिक दोहन किया जाएगा तो वो दिन दूर नहीं जब मानव कल्याण के बारे में सोचना दूभर होगा।

उन्होंने बच्चों को वनों के बारे में बताते हुए कहा कि हमें हमारी जरूरतों को पूरा करने के लिए वनों पर निर्भर रहना पड़ता है। लेकिन मनुष्य निजी स्वार्थ के लिए इनकी अंधाधुंध कटाई कर रहा है। यही एक दिन मनुष्य के विनाश का कारण बनेगा। इनकी लगातार कटाई के कारण गर्मी बढ़ती जा रही है और पर्यावरण प्रदूषण दिनों-दिन बढ़ रहा है। यदि जन संख्या वृद्धि के साथ.साथ वन क्षेत्र को भी बढ़ाया जाए तो यह मानव कल्याण के लिए सराहनीय कदम होगा। इस दौरान संकुल समन्यवयक् शिवलाल पैंकरा, प्रधान पाठक बी आर बघमार, रामपाल ध्रुव, राजकुमार साहू, नरेंद्र बघेल, दुलारी वर्मा, सुनीता ध्रुव,देव सिंह ध्रुव, सनत कुमार गौर सहित पांचवी कक्षा के सभी छात्र-छात्राएं उपस्थित रहें।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक नारायण बाईन, द्वारा आसमा पब्लिसर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड,जयस्तंभ चौक रायपुर से मुद्रित कर मेडरमार कालोनी, जिला-रायगढ़ (छत्तीसगढ़) से प्रकाशित।
संपादक -**नारायण बाईन,** फोन -फैक्स 07766299001, मो, 9479177711, 7489419194 Email-joharchhattisgarh@gmail.com, joharchhattisgarh@yahoo.co.in